Oku Hkfe gLrkUrj.k iLrko fuek.k ekxnf’kdk

2014





अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी
वन संरक्षण,भूमि सर्वेक्षण निदेशालय
वन विभाग,उत्तराखंड,देहरादून

वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव निर्माण मार्गदर्शिका

2014

अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी
वन संरक्षण,भूमि सर्वेक्षण निदेशालय
वन विभाग,उत्तराखंड,देहरादून।

संदेश

उत्तराखंड एक वन बाहुल्य राज्य होने के कारण एवं राज्य का लगभग 71 प्रतिशत क्षेत्र वनाच्छादित होने के कारण, विभिन्न विकास परियोजनाओं के निर्माण हेतु वन भूमि की आवश्यकता होती है। वर्ष 1980 से वन संरक्षण अधिनियम– 1980 के प्रख्यापित हो जाने के कारण वन भूमि के गैर वानिकी उपयोग की अनुमति हेतु वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव का बनाया जाना आवश्यक है। अतः हमारे राज्य के विकास के लिये वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव सही प्रकार से कम समय में तैयार किया जाना एवं सभी स्तरों के बिना किसी आपात्तियों के स्वीकृति प्राप्त किया जाना आवश्यक है । इस आवश्यकता की पूर्ति हेतु एक मार्गदर्शिका बनाया जाना आवश्यक है, जिसमें पूर्ण प्रक्रिया को सरल भाषा में समस्त औपचारिकताओं को वर्णित किया जाये। इससे पूर्व भी एक मार्गदर्शिका (Standard Operating Procedure) बनायी गयी थी परन्तु वर्ष 2014 से वन भूमि हस्तान्तरण प्रक्रिया के आन–लाईन हो जाने के उपरान्त इस मार्गदर्शिका का पुनः नये रुप में बनाया जाना और भी अधिक आवश्यक हो गया है।

नये प्राविधानों के अन्तर्गत विकास परियोजनाओं को गति दिये जाने की दृष्टि से यह नितान्त आवश्यक है कि सम्बन्धित प्रस्तावक विभागों/संस्थाओं द्वारा विकास परियोजनाओं के निर्माण हेतु पूर्ण एवं त्रुटिरहित वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव तैयार कर भारत सरकार(MOEFC)की स्वीकृति प्राप्त करने हेतु आन–लाईन अपलोड किया जायें। विभिन्न प्रस्तावक विभागों/संस्थाओं,वन विभाग तथा राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीयों के मार्गदर्शन हेतु इस मार्गदर्शिका को तैयार किया गया है जिसमें वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव तैयार करने हेतु अपनाये जाने वाले समस्त मानक संचालन प्रक्रिया को सरल भाषा में उपलब्ध कराया गया है। प्रस्ताव में संलग्न किये जाने वाले समस्त प्रपत्रों की चैक लिस्ट, प्रपत्रों को भरने की विधि, प्रस्ताव तैयार करने में विभिन्न स्तरों पर लगने वाली समयसीमा व अन्य प्रासंगिक सूचनाओं को समावेशित किया गया है। वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव के साथ लगाये जाने वाले प्रपत्रों का मानकीकरण, प्रपत्रों को भरने की विधि, प्रपत्र भरते समय ध्यान रखने योग्य बातें व प्रक्रिया के विभिन्न स्तरों के लिये समय–सीमा का निर्धारण करते हुये समय सारणी तैयार की गई है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस मार्ग–दर्शिका से विभिन्न प्रयोक्ता एजेन्सीज को वन भूमि पर कियान्वित की जाने वाली परियोजनाओं के लिये अपनायी जाने वाली प्रक्रिया की समुचित जानकारी प्राप्त होने के साथ–साथ, पूर्ण एवं त्रुटिरहित प्रस्ताव त्वरित गति से तैयार करने में सहायता मिलेगी व उक्त मार्ग–दर्शिका विभिन्न प्रस्तावक विभागों एवं संस्थाओं के लिये उपयोगी सिद्ध होगी।

इस मार्गदर्शिका को तैयार करने में नोडल अधिकारी कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारीयों द्वारा समर्पित भाव से कार्य किया गया है जिसके लिये वे विशेष सराहना एवं बधाई के पात्र हैं। आशा है कि इस मार्गदर्शिका से विभिन्न प्रस्तावक विभागों/संस्थाओं को वन भूमि पर प्रस्तावित विभिन्न विकास परियोजनाओं के प्रस्ताव द्रुतगति से तैयार करने में आशातीत सफलता मिलेगी, जिससे राज्य में विकास परियोजनाओं के कियान्वयन को निश्चित रूप से सफलता मिलेगी।

शुभकामनाओं सहित।

एस0 टी0 एस0 लेप्चा
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वनसंरक्षण
उत्तराखंड,देहरादून।

विषय तालिका

क्रम	अध्याय	विषय	पृष्ट
1.	अध्याय–1	वन संरक्षण अधिनियम 1980 के प्राविधान एवं वन संरक्षण नियमावली 2014 के मुख्य प्राविधान	9
2.	अध्याय–2	वन भूमि हस्तांतरण के प्रस्ताव को आन लाईन भेजने की प्रकृया	17
3.	अध्याय–3	वन भूमि हस्तांतरण के प्रस्ताव के गठन की प्रकृया एवं आवश्यक प्रारुप	45
4.	परिशिष्ट	मलबा निस्तारण माडल योजना तथा भारत सरकार के कुछ आवश्यक निर्देश	78

अध्याय–1

वन संरक्षण अधिनियम 1980 एवं वन संरक्षण संशोधन नियम 2014 के मुख्य प्रविधान

वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग हेतु वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अधिनियम के अन्तर्गत सक्षम स्तर से अनुमति प्राप्त किया जाना आवश्यक है।

1.1 वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के मुख्य प्राविधान

वन संरक्षण अधिनियम, 1980 में निहित प्राविधानों व भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार वन भूमि के गैरवानिकी कार्यो हेतु वन भूमि प्रत्यावर्तन के लिये केन्द्र सरकार की पूर्वानुमति प्राप्त की जानी अनिवार्य है। उक्त अधिनियम एक रेगुलेटरी अधिनियम है एवं वन भूमि पर अधिकांश गैर वानिकी कार्यो की अनुमति भारत सरकार द्वारा ही दिया जाता है । वर्ष 2014 में भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार 5 हे0 तक के कतिपय प्रयोजनों में आपदा ग्रस्त क्षेत्रों में अनुमति भारत सरकार के शर्तों को पूरा करते हुये राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2015 तक जारी की जा सकती है । वन संरक्षण अधिनियम, 1980 एक केन्द्रीय अधिनियम है, जिसके तहत वन भूमि प्रत्यावर्तन हेतु समस्त नियम, दिशा–निर्देश व स्वीकृति प्रदान किये जाने का अधिकार केवल केन्द्र सरकार में ही निहित है।

1.2 वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के प्राविधान निम्न श्रेणियों की वन भूमि पर लागू होते हैं

i) आरक्षित वन भूमि, संरक्षित वन भूमि, भारतीय वन अधिनियम, 1927 के विभिन्न प्राविधानों के तहत अधिसूचित भूमि।

ii) ऐसी भूमि जो राजकीय अभिलेखों में वन भूमि के रूप में दर्ज हो।

iii) ऐसी भूमि जो शब्दकोष के अनुसार वन भूमि हो अर्थात जिसका स्वरूप वन जैसा है चाहे उसका स्वामित्व किसी का भी हो।

भारत सरकार द्वारा वन संरक्षण अधिनियम 1980 को वन भूमि के अनियंत्रित प्रयोग पर अंकुश लगाने की दृष्टि से बनाया गया है यह अधिनियम सभी प्रकार के वनक्षेत्रों पर लागू होता है चाहे स्वामित्व किसी का भी हो। यह सभी प्रकार के आरक्षित वन, संरक्षित वन एवं अन्य प्रकार के वनों में लागू होता है एवं इन क्षेत्रों में वनों के गैरवानिकी प्रयोग हेतु अधिनियम की धारा–2(1) के अन्तर्गत सक्षम स्तर से पुर्व अनुमति प्राप्त किया जाना आवश्यक है। इस अधिनियम की धारा 2 सबसे प्रमुख है क्योंकिं इस धारा के अनुसार राज्य सरकार बिना भारत सरकार के पूर्वानुमति के वनों का गैर वानिकी प्रयोग नहीं कर सकती है।

इस अधिनियम धारा 3 के अनुसार भारत सरकार द्वारा धारा–2 के अन्तर्गत अनुमति देने हेतु एक सलाहकार समिति का गठन किया जा सकता है और यह समिति ऐसे मामलों में भी सरकार को सलाह दे सकती है जिसमें वनों का संरक्षण निहित हो। इस अधिनियम की धारा– 5 के अनुसार वन संरक्षण हेतु इससे पहले बनाये गये समस्त अन्य अधिसूचनाओं को समाप्त कर दिया गया है। इस अधिनियम के उल्लघंन करने पर किसी भी व्यक्ति को या किसी भी एजेन्सी को Section 3(A) के अन्तगर्त 15 दिन तक की कैद हो सकती है। वर्ष 1988 में हुए संशोधन के द्वारा वन क्षेत्र में चाय, कॉफी एवं फल आदि के कृषिकरण को भी निषिद्ध कर दिया गय है, एवं इसी प्रकार किसी भी वन क्षेत्र को साफ करना काटना, तोड़ना, आदि भी निषिद्ध कर दिया गया है। इस संशो ा धन में आगे यह भी कहा गया है कि वनो के संरक्षण हेतु अगर किसी प्रकार का कोई प्रबन्ध कार्य किया जाता है तो भारत सरकार की पूर्व अनुमति प्राप्त की जानी आवश्यक नहीं होगी।

संक्षेप में यह कहा जा सकता है कि यह अधिनियम वनों को आर्थिक दृष्टि से न देखकर उसे पारिस्थतिकीय रूप से अत्यन्त आवश्यक मानते हुए संरक्षण हेतु प्रेरित करता है तथा वन क्षेत्र का अन्धाधुन्ध एवं निरंकुश प्रयोग को नियंत्रित करता है न कि रोकता है।

1.3 उत्तराखंड में विधिक दृष्टि से वन क्षेत्रों का वर्गीकरण

उत्तराखण्ड में प्रशासनिक नियंत्रण के आधार पर विभिन्न श्रेणियों की वन भूमि का वर्गीकरण निम्नानुसार है :–

i) आरक्षित वन भूमि– वन विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में।
ii) सिविल एवं सोयम भूमि– राजस्व विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में।
iii) वन पंचायत भूमि– राजस्व विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में। (वन पंचायतों के प्रबन्धन में)

1.4 उत्तराखंड में क्षेत्रफल/वैधानिक स्थिति के आधार पर वन भूमि का वर्गीकरण

क0सं0	वन भूमि की श्रेणी	क्षेत्रफल (वर्ग किमी0 में)
1.	आरक्षित वन	24,642.932
2.	सिविल एवं सोयम	4,768.704
3.	वन पंचायत	4,961.851
4.	अन्य संरक्षित वन	154.021
5.	निजी वन (नगरपालिका/कैन्टोमेंट आदि)	123.506
	कुल योग	**34,651.014**
	पिथौरागढ़ वन प्रभाग की वर्तमान कार्ययोजना के अनसुार वन क्षत्रों में बृद्वि	
	वन विभाग के अधीन आरक्षित क्षत्रे	3.81
	क्षेत्रफल जो पर्णूतया वन पचांयत में अभिलिखित है	1900.2
	अन्य अवर्गीकृत	1444.5
	महायोग (Grand Total)	**37,999.524**

Source – Forest Statitistics 2012-13

उपरोक्त से स्पष्ट है कि राज्य के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 54,483 वर्ग किमी0 के सापेक्ष राज्य का वन क्षेत्र 37,999,52 वर्ग किमी0 है, जो प्रदेश के भौगोलिक क्षेत्रफल का लगभग 71 प्रतिशत है।

1.5 वन (संरक्षण) संशोधन नियमावली 2014 के प्रमुख प्राविधान

1.5.1 प्रत्येक प्रयोक्ता एजेन्सी जो गैर वानिकी प्रयोजनों के लिए किसी वन भूमि का उपयोग करना चाहता है, तो इन नियमों के अधीन पहली बार अनुमोदन चाहने वाले प्रस्ताव के लिए प्रारूप 'क', जहां अधिनियम के अधीन केन्द्रीय सरकार का अनुमोदन पहले ही प्राप्त कर लिया गया है वहां पटटों के नवीकरण के प्रस्ताव के लिए प्रारूप 'ख' और खनिजों के पूर्वेक्षण के लिए प्ररूप 'ग' पर पूर्ण अपेक्षित सूचना और दस्तावेजों सहित नोडल अधिकारी कार्यालय को सुंसंगत प्रारुप में अपने प्रस्ताव भेजेगा।

1.5.2 प्रयोक्ता एजेन्सी, नोडल अधिकारी कार्यालय से अभिप्राप्ति की रसीद की प्रति के साथ प्रस्ताव की एक प्रति संबद्ध प्रभागीय वन अधिकारी, जिला कलेक्टर और प्रादेशिक कार्यालय के साथ ही पर्यावरण और वन मंत्रालय के वन संरक्षण प्रभाग के निगरानी प्रकोष्ट को भी पृष्ठांकित करेगा।

1.5.3 नोडल अधिकारी भूमि हस्तातंरण प्रस्ताव प्राप्त करने के पश्चात और उसका यह समाधान हो जाने पर कि सभी प्रकार से प्रस्ताव पूर्ण है और यह अधिनियम की धारा 2 के अधीन पूर्व अनुमोदन की अपेक्षा करता है तो प्रस्ताव की प्राप्ति के दस दिन की अवधि के भीतर संबद्ध प्रभागीय वन अधिकारी और जिला कलेक्टर को प्रस्ताव भेजेगा।

1.5.4 नोडल अधिकारी यदि यह पाता है कि प्रस्ताव अपूर्ण है तो वह प्रयोक्ता एजेन्सी को दस दिन की अवधि के भीतर इसे वापस करेगा और प्रस्ताव को पुनः प्रस्तुत किए जाने के लिए उपभोक्ता अभिकरण द्वारा ली गई यह समय अवधि और लिए गए समय को किसी भावी संदर्भ के लिए गणना में नहीं लिया जाएगा।

1.5.5 प्रभागीय वन अधिकारी वास्तविक ब्यौरे और प्रस्ताव की संभाव्यता की जांच करेगा, मानचित प्रमाणित करेगा, स्थल निरीक्षण और वृक्षों की परिगणना करेगा और इस संबंध में विनिर्दिष्ट फार्मेट में अपने निष्कर्ष वन संरक्षक को अग्रेषित करेगा।

1.5.6 प्रभागीय वन अधिकारी, चालीस हैक्टर तक, चालीस हैक्टर से अधिक और एक सौ हैक्टर तक तथा एक सौ हैक्टर से अधिक वन भूमि को सम्मिलित करने वाले प्रस्ताव पर अपने निष्कर्ष क्रमशः तीस दिन, पैंतालीस दिन और साठ दिन की अवधि के भीतर वन संरक्षक को भेजेगा।

1.5.7 जिला कलेक्टर, अनुसूचित जनजाति और अन्य पंरपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006(2007 का 2) (जिस एफ आर ए के रूप में विनिर्दिष्ट किया गया है) के उपबंधों के अनुसार अधिकारों के परिनिर्धारण के लिए प्रक्रिया पूरी करेगा और ग्राम सभा या ग्राम सभाओं से सहमति प्राप्त करेगा, जब कभी आवश्यक हो और इस संबंध में विनिर्दिष्ट फार्मेट में अपने निष्कर्ष वन संरक्षण को अग्रेषित करेगा।

1.5.8 जिला कलेक्टर, एफ आर ए के अधीन अधिकारों के व्यवस्थापन के संबंध में अपने निष्कर्षों के साथ प्रस्ताव और चालीस हैक्टर तक, चालीस हैक्टर से अधिक और एक सौ हैक्टर तक और एक सौ हैक्टर से अधिक वन भूमि वाले प्रस्ताव की बाबत ग्राम सभा या ग्राम सभाओं की सहमति जहां अपेक्षित हो क्रमशः तीस दिन, पैंतालीस दिन और साठ दिन की अवधि के भीतर वन संरक्षक को अग्रेषित करेगा।

1.5.9 वन संरक्षक, वास्तविक ब्यौरे और प्रस्ताव की संभाव्यता की जांच करेगा, अपवर्तन किए जाने वाली प्रस्तावित वन भूमि का क्षेत्र चालीस हेक्टर से अधिक है, उस मामले में स्थल निरीक्षण करेगा और अपनी सिफारिशों के साथ प्रस्ताव और एफ आर ए के अधीन अधिकारों के परिनिर्धारण पर रिपोर्ट और जब कभी आवश्यक हो जिला कलेक्टर से प्राप्त संबद्ध ग्राम सभा या ग्राम संभाओं की सहमति नोडल अधिकारी को अग्रेषित करेगा।

1.5.10 वन संरक्षक द्वारा प्रक्रिया के लिए लिया गया समय और नोडल अधिकारी को चालीस हैक्टर तक और चालीस हैक्टर अधिक वन भूमि सम्मिलित करते हुए प्रस्ताव क्रमशः दस दिन और तीस दिन के अन्दर अग्रेषित करेगा।

1.5.11 नोडल अधिकारी प्रधान मुख्य वन संरक्षक के माध्यम से सिफारिशों के साथ यथास्थिति राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन का प्रस्ताव अग्रेषित करेगा।

1.5.12 नोडल अधिकारी पांच हैक्टर तक, पांच हैक्अर से अधिक और चालीस हैक्टर तक और चालीस हैक्टर से अधिक और सौ हैक्टर तक और सौ हैक्टर से अधिक वन भूमि वाले प्रस्ताव पर अपने निष्कर्षों सहित क्रमशः दस दिन, बीस दिन, पच्चीस दिन और तीस दिन की अवधि के भीतर कार्यवाही करेगा और उसे यथास्थिति राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन को अग्रेषित करेगा।

1.5.13 राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन प्रस्ताव में उपदर्शित वनभूमि को गैर वन के प्रयोजन के लिए यथास्थिति, अनारक्षित या अपवर्तन या पट्टे पर नहीं देने का विनिश्चय कर सकेगा उसे नोडल अधिकारी से प्राप्त प्रस्ताव की प्राप्ति के तीस दिन के भीतर प्रयोक्ता एजेन्सी को संसूचित किया जाएगा ।परंतु केंद्रीय सरकार या केंद्रीय सरकार उपक्रमों की परियोजनाओं के लिए वन भूमि का अपवर्तन सम्मिलित करते हुए सभी प्रस्ताव जहां यथास्थिति राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन प्रस्ताव में उपदर्शित गैर वानिकी प्रयोजन के लिए यथास्थिति अनारक्षित या अपवर्तन करने के लिए वन भूमि को पट्टे पर देने के लिए सिद्धाततः सहमत नहीं है, वहाँ यथास्थिति राज्य सरकार या संघराज्यक्षेत्र प्रशासन की टीक–टिप्पणियों के साथ केंद्रीय सरकार को अग्रेषित किया जाएगा।

1.5.14 राज्य सरकार या संघराज्य क्षेत्र प्रशासन इसकी सिफारिशों के साथ उन सभी प्रस्तावों के अग्रेषित करेगा जहां यथास्थिति, राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन गैर वानिकी प्रयोजन के लिए यथास्थित, अनारक्षित या अपवर्तन करने के लिए या प्रस्ताव में उपदर्शित वन भूमि पट्टे पर समनुदेशित करने के लिए सिद्धांततः सहमत हैं और केंद्रीय सरकार या केंद्रीय सरकार उपक्रमों की परियोजनाओं के लिए वन भूमि के अपवर्तन को अंतर्वलित करते हुए सभी प्रस्ताव तीस दिन के भीतर केंद्रीय सरकार को भेजेंगे :

1.5.15 पुनः वनरोपण के लिए, इसके उपयोग के प्रयोजन के लिए वन भूमि या इसके भाग पर वृक्षों को काट गिराने वाले सभी प्रस्ताव कार्य योजना या कार्यकरण स्कीम या प्रबंधन योजना के रूप में भेजे जाएंगे।

1.5.16 यह और कि यथास्थिति, संबद्ध राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन इसकी सिफारिशों के साथ प्रस्ताव अग्रेषित करने के बारे में प्रयोक्ता एजेन्सी या यथास्थिति प्रादेशिक कार्यालय या पर्यावरण और वन मंत्रालय को सूचना भेजेगा।

1.5.17 यह भी कि यथास्थिति, राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासक में विभिन्न प्राधिकारियों के बीच प्रस्ताव के परिवहन के लिए अनन्य रूप से लिया गया कुल समय प्रत्येक प्राधिकारी द्वारा प्रस्ताव की कार्यवाही के लिए विनिर्दिष्ट समय अवधि से बीस दिन से अधिक नहीं होगा।

1.5.18 जब कभी कार्यवाही के लिए यथास्थिति राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा लिया गया समय तै समय सीमाओं से अधिक होता है तब केंद्रीय सरकार द्वारा केवल तब प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा यदि विलंब के लिए उत्तरदायी होने के लिए धारित किसी व्यक्ति के विरूद्ध की गई कार्यवाही के साथ केंद्रीय सरकार का समाधान करने के लिए विलंब हेतु स्पष्टीकरण दिया जाता है।

1.5.19 चालीस हैक्टर तक के वन भूमि हस्तातंरण प्रस्ताव को सिफारिशों के साथ यथास्थिति संबद्ध राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा संबद्ध प्रादेशिक कार्यालय को अग्रषित किया जाएगा।

1.5.20 चालीस हैक्टर से अधिक के वन भूमि हस्तातंरण प्रस्ताव को राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा अपनी सिफारिशों के साथ सचिव, पर्यावरण और वन मंत्रालय भारत सरकार को अग्रेषित किया जाएगा।

1.5.21 क्षति पूरक वृक्षारोपण के लिए वनभूमि या उसके भाग में वृक्षविहीन क्षेत्र को सम्मिलित करते हुए निर्दिष्ट प्रस्ताव में शामिल किया जायेगा ।

1.6 वन (संरक्षण) संशोधन नियमावली 2014 के अर्न्तगत विभिन्न कार्यालय तथा विभिन्न स्तरों पर वन भूमि हस्तातरण प्रस्तावों के निस्तारण की कार्यवाही एवं समय सीमा।

1.6.1 प्रभागीय वनाधिकारी स्तर पर की जाने वाली पर कार्यवाही

- प्रस्ताव में दिये गये सभी आधारभूत विवरण व आकड़ो की जाँच करना।
- प्रस्ताव की आवश्यकता व उपयोगिता की जाँच करना ।
- प्रभावित हो रहे पेड़ो की गणना करना।

स्थल निरीक्षण रिपार्ट एवं अन्य मानचित्र आदि तैयार करके इस प्रयोजन हेतु आवश्यक प्रपत्र में सूचना भरकर सम्बन्धित वन संरक्षक को निर्धारित समय अवधि में भिजवाना।

सारणी–2

क्र0सं	कार्यवाही	निर्धारित समय सीमा
1.	(0–40 हे0) तक के वन भूमि की जाँच एवं प्रस्ताव वन संरक्षक को अग्रसारित करना	30 दिन
2.	(140–100 हे0) तक के वन भूमि की जाँच एवं प्रस्ताव वन संरक्षक को अग्रसारित करना	45 दिन
3.	100 हे0 से अधिक तक की वन भूमि की जाँच एवं प्रस्ताव वन संरक्षक को अग्रसारित करना	60 दिन

1.6.2 जिलाधिकारी स्तर पर की जाने वाली कार्यवाही

- प्रस्तावों के भूमि सम्बन्धी सभी सूचनाओं को पूरा करना।
- अनुसूचित जनजाति एंव अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 के उपबन्धों के अनुसार अधिकारों के निर्धारण के लिये प्रक्रिया पूरी करना।
- प्रस्ताव में जहॉ आवश्यकता हो वहां ग्राम सभा की सहमति प्राप्त कर अपनी आख्या देना।
- निर्धारित प्रारूप में भरकर सम्बन्धित वन संरक्षक को भिजवाना।

सारणी–3

क्र0सं0	कार्यवाही	निर्धारित समय
1.	(0–40 हे0) तक के ग्राम सभा सहमति प्राप्त करना एवं प्रस्ताव वन संरक्षक को अग्रसारित करना	30 दिन
2.	(40–100 हे0) तक के ग्राम सभा सहमति प्राप्त करना एवं प्रस्ताव वन संरक्षक को अग्रसारित करना	45 दिन
3.	100 हे0 तक के ग्राम सभा सहमति प्राप्त करना एवं प्रस्ताव वन संरक्षक को अग्रसारित संरक्षक को अग्रसारित करना	60 दिन

1.6.3 वन संरक्षक स्तर पर की जाने वाली कार्यवाही

- प्रस्ताव में दिये गये सभी आधारभूत आकड़े, विवरण आदि की जॉच करना।
- प्रस्ताव की आवश्यकता व उपयोगिता का अपने स्तर से जॉच करना।
- प्रस्ताव अगर 40 हेक्टेयर से अधिक का है तो स्वयं उनके द्वारा ही स्थल निरीक्षण करना।
- प्रस्ताव एवं प्रस्ताव की जॉच रिपोर्ट को अपनी सुस्पष्ट संस्तुति के साथ नोडल अधिकारी के कार्यालय में भिजवाना।

सारणी–4

क्र0सं0	कार्यवाही	निर्धारित समय
1.	(0–40 हे0) तक के वन भूमि के जॉच एवं प्रस्ताव नोडल अधिकारी को अग्रसारित करना	10 दिन
2.	40 हे0 से अधिक तक की वन भूमि की जॉच एवं प्रस्ताव नोडल अधिकारी को अग्रसारित करना	30 दिन

1.6.4 नोडल कार्यालय स्तर पर की जाने वाली कार्यवाही

- प्रस्ताव की सभी स्तरों से प्राप्त रिपोर्टों की जॉच करना तथा आवश्यक सुधार करवाना।
- प्रस्ताव को अपनी सुस्पष्ट संस्तुति के साथ प्रधान वन संरक्षक के माध्यम से राज्य सरकार को भिजवाना।

सारणी–5

क्र0सं0	कार्यवाही	निर्धारित समय
1.	(0–05 हे0) तक के प्रस्ताव की जॉच एवं प्रस्ताव शासन में अग्रसारित करना	10 दिन
2.	(5–40 हे0) तक के प्रस्ताव की जॉच एवं प्रस्ताव शासन में अग्रसारित करना	20 दिन
3.	(40–100 हे0) तक के प्रस्ताव की जॉच एवं शासन में अग्रसारित करना	25 दिन
4.	100 हे0 से अधिक तक के प्रस्ताव की जॉच एवं शासन में अग्रसारित करना	30 दिन

1.6.5 राज्य सरकार स्तर पर की जाने वाली कार्यवाही

- प्रस्ताव में उपदर्शित वन भूमि के गैर वन के प्रयोजन हेतु परिक्षण किया जाना।

- प्रस्ताव की जॉच के बाद अगर वन भूमि को गैर वन प्रयोजन हेतु अनुपयुक्त पाया जाता है तो प्रयोक्ता एजेन्सी को सूचित करना अन्यथा की दशा में प्रस्ताव को केन्दीय सरकार को अग्रेषित किया जाना।

सारणी–6

क्र0सं0	कार्यवाही	निर्धारित समय
1.	सभी प्रकार के प्रस्तावों में जॉच एवं आवश्यक कार्यवाही एवं रीजनल कार्यालय को अग्रसारित करना।	30 दिन
2.	प्रस्ताव विशेष पर सम्बन्धित विभाग का अभिमत प्राप्त करना एवं पोषित प्रकरणों पर आख्या उपलब्ध करना।	20 दिन

1.6.6 क्षेत्रीय कार्यालय स्तर पर की जाने वाली कार्यवाही

- प्रस्ताव की सभी प्रकार से जॉच करना।
- प्रस्ताव की जॉच के उपरान्त अगर प्रस्ताव अपूर्ण पाया जाता है तो प्रस्ताव को राज्य क्षेत्र प्रशासन को वापस करना।
- 5 हेक्टेयर क्षेत्रफल तक के प्रस्तावों के जॉच के उपरान्त अगर प्रस्ताव अपूर्ण पाया जाता है तो प्रस्ताव को राज्य सरकार को वापस भेजना, अन्यथा की दशा में प्रस्ताव पर अनुबन्धित शर्तों के तहत सैदान्तिक स्वीकृति निर्गत करना।
- (5–40) हेक्टेयर तक के सभी प्रस्तावों को जो सभी प्रकार से परिपूर्ण हैं। उनको राज्य सलाहकार समूह की बैठक में चर्चा हेतु रखा जाना।
- राज्य सलाहकार समूह की बैठक में चर्चा के दौरान क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा जो भी प्रस्ताव पूर्ण पाये जायेगे उनको क्षेत्रीय कार्यालय केन्द्रीय सरकार का विनिश्चय अभिप्राप्त करने के लिए सचिव पर्यावरण एवं वन मंत्रालय को भिजवायेगा अन्यथा की दशा में प्रस्ताव को सुधार हेतु वापस कर दिया जायेगा।

सारणी–7

क्र0सं0	कार्यवाही	निर्धारि
1.	सभी प्रकार के प्रस्तावों की जॉंच एवं आवश्यक कार्यवाही करना	05 कार्यकारी
2.	(0–5 हे0) तक के प्रस्ताव खनन विशेष को छोड़कर जो कि पूर्ण है उनमें सैद्धान्तिक स्वीकृति की आवश्यक कार्यवाही करना	25 दिन
3.	(0–5 हे0) तक में की गई कार्यवाही से राज्य सरकार को सूचित करना	05 दिन
4.	(5–40 हे0) तक के वन भूमि प्रस्ताव जो कि जॉच के बाद पूर्ण है। में आवश्यक कार्यवाही करना	35 दिन
5.	(5–40 हे0) तक के वन भूमि प्रस्ताव जो कि आवश्यक कार्यवाही के बाद भारत सरकार को अग्रसारित करना	05 दिन
6.	उन सभी प्रस्तावों पर आवश्यक कार्यवाही जिन पर Reafforestation के लिये पेड़ो का कटान होना है (घनत्व के अनुसार)	60 दिन

1.6.7 भारत सरकार के स्तर पर आवश्यक कार्यवाही

पर्यावरण एवं वन मंत्रालय प्रस्ताव की जॉच करना, जॉच के उपरान्त अगर प्रस्ताव अपूर्ण पाया जाता है तो प्रस्ताव को राज्य सरकार को वापस भेजना, अन्यथा की दशा में प्रस्ताव पर सिद्धान्ततः अनुबद्व शर्तों को पूरा करने के अध्यधीन अनुमोदन प्रदान करना।

सारणी–8

क्र0सं0	कार्यवाही	निर्धारित T
1.	सभी प्रकार के प्रस्तावों में जॉच एवं आवश्यक कार्यवाही करना	10 दिन
2.	100 हे0 से अधिक की वन भूमि वाले प्रस्तावों पर आवश्यक कार्यवाही करना	40 दिन
3.	जॉच के उपरान्त सही पाये गये वन भूमि प्रस्तावों पर गठिन कमेटी का सुझाव करना	30 दिन

4.	वन भूमि प्रस्ताव पर कमेटी के सुझाव उपरान्त सैद्धान्तिक स्वीकृति की आवश्यक कार्यवाही करना	30 दिन
5.	इस कार्यवाही से राज्य सरकार को अवगत करना	05 दिन

1.6.8 भारत सरकार द्वारा सैद्धान्तिक स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्धारित समय सारणी

- सम्बन्धित प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा सृजन की लागत, क्षति पूर्ण वृक्षारोपण की धनराशि, N.P.V की धनराशि, पथ वृक्षारोपण की धनराशि, वन जीव संरक्षण की धनराशि, कैट प्लान की धनराशि, एवं अन्य मदों में देय धनराशि की मदवार सूचना बना कर प्रयोक्ता एजेन्सी की सूचित करना।
- प्रयोक्ता एजेन्सी के द्वारा प्रभागीय वनाधिकारी से देयक आदि की प्राप्त करके पत्र के अनुसार सम्बन्धित दस्तावेजों, प्रमाण पत्रों और वचनबद्वता के साथ अपनी अनुपालन आख्या, प्रभागीय वनाधिकारी को उपलब्ध कराना।
- सम्बन्धित प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा प्रयोक्ता एजेन्सी से प्राप्त अनुपालन आख्या की जॉच की जायेगी यदि जॉच रिपोर्ट सही पायी जाती है तो उसे सम्बन्धित वन संरक्षक को अग्रसारित किया जायेगा अन्यथा की दशा प्रयोक्ता एजेन्सी को सुधार हेतु वापस भेजा जायेगा।
- वन संरक्षक द्वारा अनुपालन रिपोर्ट की जॉच की जायेगी अगर जॉच में रिपोर्ट अपूर्ण पाई जाती है तो प्रयोक्ता एजेन्सी और प्रभागीय वनाधिकारी को वापस किया जायेगा अन्यथा की दशा मे रिपोर्ट को नोडल अधिकारी को भेजा जायेगा।
- नोडल अधिकारी द्वारा अनुपालन रिपोर्ट की जॉच की जाऐगी, जॉच में पूर्ण पाये जाने की दशा में नोडल अधिकारी के द्वारा अनुपालन रिपोर्ट को राज्य सरकार को भेजा जायेगा अन्यथा की दशा में वन संरक्षक को सूधार हेतु वापस भेज दिया जायेगा।
- राज्य सरकार द्वारा अनुपालन रिपोर्ट की जॉच की जाऐगी पूर्ण होने की दशा में पर्यावरण एवं वन मंत्रायल को भेजी जायेगी अन्यथा प्रयोक्ता एजेन्सी, नोडल अधिकारी, वन संरक्षक, प्रभागीय वनाधिकरी को सुधार हेतु वापस भेजा जायेगा।
- पर्यावरण वन मंत्रालय द्वारा रिपोर्ट की सभी प्रकार से जॉच की जायेगी, जॉच रिपोर्ट के पूर्ण होने की दशा में अन्तिम अनुमोदन हेतु राज्य सरकार को सूचित किया जायेगा, अन्यथा की दशा में राज्य सरकार को सुधार हेतु भेजा जायेगा।

सारणी–9

क्र0सं0	कार्यवाही	निर्धारित सीमा
1.	नोडल कार्यालय द्वारा पत्र प्रभागीय वनाधिकारी और वन संरक्षक को सैद्धान्तिक स्वीकृति पर सूचित करना	5 दिन
2.	प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा मदवार पत्र बनाकर प्रयोक्ता एजेन्सी को सचित करना	10 दिन
3.	प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा अनुपालन करना	30 दिन
4.	प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा अनुपालन आख्या की जांच और वन संरक्षक को अग्रसारित करना	15 दिन
5.	वन संरक्षक द्वारा अनुपालन आख्या की जांच कर नोडल अधिकारी को अग्रसारित करना	15 दिन
6.	नोडल अधिकारी द्वारा जांच कर राज्य सरकार को अग्रसारित करना	15 दिन
7.	राज्य सरकार द्वारा जांच और रीजनल कार्यालय को अग्रसारित करना	15 दिन
8.	भारत सरकार द्वारा जांच और आवश्यक कार्यवाही सहित विधिवत स्वीकृति करना	20 दिन

उपरोक्त समस्त नियमों को समावेशित करते हुये 15–8–2014 से भूमि हस्तांतरण की प्रकृया On line कर दी गई है जिसका विस्त्रित विवरण अध्याय–2 में दिया गया है ।

अध्याय–2
वन भूमि हस्तांतरण प्रस्ताव को आन लाईन भेजने की प्रकृया

2.1- भारत सरकार वन, पर्यावरण एवं जलवायु मंत्रालय द्वारा वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्तावों में पारदर्शिता एवं स्पष्टता लाने हेतु अपना एक वेब साईट बनाया गया है, जिसका नाम Online Submission and Monitory of Forest Clearance Proposal (OSMFC) है। इस वेब साईट को www.forestsclearnce.com पर खोला जा सकता है। प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा 15–08–2014 के बाद के समस्त वन भूमि का गैर वानिकी प्रयोग भूमि हस्तान्तरण हेतु प्रस्तावों को OSMFC की इस वेब साईट पर ऑन–लाईन भारत सरकार की स्वीकृति हेतु भेजा जाना है। OSMFC एक स्वचालित कार्यप्रणाली है जिसके माध्यम से वनभूमि हस्तान्तरण से सम्बन्धित नये प्रस्तावों को भारत सरकार की स्वीकृति हेतु ऑनलाईन न केवल प्रेषित किया जा सकता है बल्कि प्रस्तावों के editing/Uploading के साथ–साथ प्रस्तावों को विभिन्न स्तरों पर जाँच भी की जा सकती है तथा प्रस्तावों की प्रगति भी देखी जा सकती है। इस नई कार्याप्रणाली के माध्यम से वन हस्तान्तरण प्रस्ताव में लगने वाले समय को घटाया जा सकता है, साथ ही इस कार्याप्रणाली के माध्यम से वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्तावों की विभिन्न स्तरों पर स्वीकृति के प्रगति की सूचना भी प्राप्त की जा सकती है, एवं इसके फलस्वरूप वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्तावों की स्वीकृती में प्रादर्शिता एवं स्पष्टता प्राप्त की जा सकेगी।

2.2 ऑनलाईन प्रकिया में विभिन्न कार्यादायी संस्थाओं की भूमिका

2.2.1 *प्रयोक्ता एजेन्सी की भूमिका –*

प्रयोक्ता एजेन्सी, जो कि वन भूमि का गैरवानिकी कार्य हेतु प्रयोग करना चाहती है को सर्वप्रथम भारत सरकार के www.forestsclearnce.com साईट को खोलकर, जिन अधिकारी/कर्मचारी को इस प्रस्ताव को आन–लाईन भेजने हेतु नामित किया गया है उनके नाम के साथ स्वंय को रजिस्टर किया जाना होगा। प्रयोक्ता एजेन्सी को एक email-Id एवं Password प्राप्त होगा। प्राप्त Email Id और Password का प्रयोग करके प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा साईट पर दिये गये Form-A पर अपना प्रस्ताव ऑन लाईन अपलोड किया जायेगा।

2.2.2 *नोडल अधिकारी की भूमिका–*

प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा ऑन–लाईन भेजे गये प्रस्ताव को नोडल अधिकारी द्वारा गहन परीक्षण किया जायेगा। परीक्षण के उपरान्त अगर नोडल अधिकारी द्वारा प्रस्ताव पूर्ण रूप से सही भरा हुआ पाया जाता है एवं सभी आवश्यक संग्लनकों को ठीक पाया जाता है, तो प्रस्ताव को प्रभागीय वनाधिकारी को अग्रसारित किया जायेगा, अन्यथा प्रस्ताव को प्रयोक्ता एजेन्सी को कमियों को इंगित करते हुए वापस भेजा जायेगा। समस्त कमियों को दूर होने के पश्चात प्रस्ताव को नोडल अधिकारी द्वारा स्वीकार कर लिया जायेगा एवं प्रस्ताव को सम्बन्धित प्रभागीय वनाधीकारी को एवं जिलाधिकारी को अग्रेषित कर कर दिया जायेगा। डी0एफ0ओ0 एवं जिलाधिकारी द्वारा उनके स्तर पर वांछित सूचनाओं को संलग्न कर सम्बन्धित वन संरक्षक को भेजा जायेगा। वन संरक्षक स्तर की प्रकिया पूर्ण होने पश्चात प्रस्ताव पुनः नोडल कार्यालय को प्राप्त होगा। CF/CCF द्वारा प्रेषित की गई संस्तुति और नोडल कार्यालय की संस्तुति के साथ नोडल अधिकारी द्वारा राज्य सरकार को अग्रसारित कर दिया जायेगा।

2.2.3 *प्रभागीय वनाधिकारी की भूमिका –*

नोडल अधिकारी द्वारा प्रस्ताव को प्रभागीय वनाधिकारी को भेज दिये जाने के उपरान्त, प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा भरे गये Form A का परीक्षण किया जायेगा एवं सही पाये जाने पर प्रस्ताव पर अपनी संस्तुति दी जायेगी एवं Site Inspection Report एवं कुछ अन्य संल्गनकों को अपलोड किया जायेगा। प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा प्रस्ताव पर कोई सुधार नहीं करना है तो उसे केवल Form-A Part II में अपनी संस्तुति दी जानी होगी। इसके बाद प्रस्ताव को प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा वन संरक्षक को अग्रसारित कर दिया जायेगा।

2.2.4 *वन संरक्षक की भूमिका –*

प्रभागीय वनाधिकारी से प्रस्ताव प्राप्त होने के पश्चात वन संरक्षक द्वारा प्रस्ताव के Form-A को अपने स्तर से परीक्षण किया जायेगा। प्रभागीय वनाधिकारी की संस्तुति का भी परीक्षण किया जायेगा तथा वन संरक्षक द्वारा Form-A के Part III को भरा जायेगा और अगर आवश्यक हुआ तो सम्बन्धित प्रभागीय वनाधिकारी से आवश्यक जानकारी प्राप्त की जायेगी। वनं संरक्षक द्वारा उनकी संस्तुति को ऑन–लाईन आपलोड करने पर प्रस्ताव सम्बन्धित नोडल अधिकारी को पुनः अग्रसारित हो जायेगा।

2.2.5 *राज्य सरकार की भूमिका –*

नोडल अधिकारी द्वारा प्रस्ताव के अग्रसारित किये जाने पर राज्य सरकार द्वारा प्रस्ताव के Form-A का परीक्षण किया जायेगा। प्रभागीय वनाधिकारी वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी द्वारा भेजी गई संस्तुति का भी परीक्षण किया जायेगा, एवं इसके उपरान्त राज्य सरकार द्वारा प्रस्ताव पर अपनी संस्तुति दी जायेगी। राज्य सरकार द्वारा संस्तुति दिये जाने पर प्रस्ताव स्वंय ही क्षेत्रीय कार्यालय को अग्रसारित हो जायेगा।

2.2.6 *क्षेत्रीय कार्यालय स्तर की भूमिका –*

राज्य सरकार द्वारा ऑन–लाईन, प्रस्ताव प्राप्त होने पर क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा प्रस्ताव के Form-A का परीक्षण किया जायेगा तथा प्रभागीय वनाधिकारी, वन संरक्षक, नोडल अधिकारी और राज्य सरकार के संस्तुति को देखा जायेगा तथा क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा अपनी संस्तुति प्रस्ताव में दी जायेगी एवं इसके पश्चात प्रस्ताव (MOEFC) नई दिल्ली को स्वंय ही स्वीकृति हेतु अग्रसारित हो जायेगा।

2.3 ऑनलाईन वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव को भरने की प्रक्रिया के मुख्य चरण

2.3.1 *रजिस्ट्रेशन (Registration)*

2.3.1.1- सर्वप्रथम प्रयोक्ता एजेन्सी को ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन करने के लिये भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की वेबसाईट www.forestsclearance.nic.in. को खोलना है।
2.3.1.2- बेब साईट के होम पेज पर न्यू यूजर एजेन्सी पर क्लिक करके प्रयोक्ता एजेन्सी को स्वयं को रजिस्टर (Register) करना है।
2.3.1.3- प्रयोक्ता एजेन्सी के द्वारा रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त प्रयोक्ता एजेन्सी को उनकी ई–मेल आई0डी0 पर एक पासवर्ड मिलेगा। यह प्रक्रिया केवल एक बार होगी। प्रयोक्ता एजेन्सी उनको प्राप्त आईडी के प्रयोग से भविष्य में उनके द्वारा एक से अधिक प्रस्तावों को अपलोड किया जा सकता है।

2.3.2 *–लोग–इन (Login)*

2.3.2.1.- प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी करने के उपरान्त एंव पासर्वड तथा आई0डी0 प्राप्त हो जाने के नामित अधिकारी कार्यालय के यूजर एजेन्सी www.Forestclearence.nic.in साईट के राईट द्वारा लागईन पर किल्क करना है।

2.3.2.2- प्रयोक्ता एजेन्सी से ID और Password पूछने पर उनकी प्राप्त ID और Password को चिन्हित स्थान पर टाईप करना होगा। प्रथम बार लॉग–ईन करने के उपरान्त प्रयोक्ता एजेन्सी को एक बार पासवर्ड बदलना आवश्यक होगा। कृपया इस पासवर्ड को सुरक्षित रख लें, क्योंकि भविष्य में इसी ईमेल आई डी तथा पासवर्ड द्वारा प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा www.forestsclearance.nic.in. पर लॉग–इन किया जा सकेगा।

2.3.2.3- इसके बाद Login बटन पर पुनः नये पासवर्ड एवं आई0डी0 डालकर क्लिक करना है।

2.3.2.4- प्रयोक्ता एजेन्सी को सारी औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुये प्रस्ताव को तैयार करना है। अतः सर्वप्रथम एक प्रस्ताव पूर्ण रूप में तैयार करके एवं समस्त प्रपत्रों और मानचित्रों, संलग्नकों आदि को स्कैन करके उनकी एक PDF प्रति तैयार कर लेनी होगी एवं तदोपरान्त उक्त पीडीएफ फाईलों को एवं संलग्नकों को इस अध्याय के अन्त में दिये जा रहे सूची अनुसार अपलोड किया जाना आवश्यक है। अगर आवश्यक संल्गनकों को एक फोलडर में सूची में दिये गये क्रम संख्या अनुसार–नाम डालकर PDF and KML format में अवश्यकता अनुसार रख लिया जाये तो प्रस्ताव को बिना किसी त्रुटि के आनलाईन अपलोड किये जाने में सुगमता हागी।

2.4- –नये प्रस्ताव को अपलोड किये जाने की विधि

2.4.1- होमपेज पर जाकर अपनी ईमेल आई0डी0 पर लॉग–इन करने के उपरान्त Add New पर राईट क्लिक करना है, इस पर तीन विकल्प प्राप्त होंगे :

- Form A नये प्रस्ताव को भरने के लिये।
- Form B लीज के नवीनीकरण के लिये।
- Form C खनन से सम्बन्धित प्रस्तावो के लिये।

2.4.2 - प्रयोक्ता एजेन्सी को नये प्रस्ताव को अपलोड करने के लिए Form (A) के भाग–1 में पर क्लिक करना होगा, Form (A) में सात पृष्ट हैं। इन्हीं पृष्टों प्रयोक्ता एजेन्सी के द्वारा एक–एक करके अपने प्रस्ताव की सूचना अंग्रेजी में भरनी है। इस सभी पृष्टों के बारे में संक्षेप में इस अध्याय के अन्त में बताया गया है। प्रत्येक पृष्ट पर Save as Draft अथवा Next का विकल्प दिया गया है। Save as Draft या अन्त में Save and Lock चुने जाने पर Unique Proposal No. स्वतः जनरेट हो जायेगा।

2.4.3 - Form A में प्रयोक्ता एजेन्सी सारे प्रपत्रों को पूर्ण रूप से भरना है। जब तक सूचना पूर्ण रूप से न भरी जाये Save as draft पर ही किल्क करना है ताकि सूचना बाद में संशोधित भी की जा सके। विशेष रूप से यह ध्यान रखा जाना है कि जब तक प्रस्ताव पूर्ण रूप से ना भर जाये तब तक प्रस्ताव को Save as draft पर भरने के लिए ही रखा जाना है। प्रत्येक बार लाग–ईन करने पर सूचनाओं को भरने के लिए एक निश्चित समय अवधि प्राप्त होगी। अगर सूचना निश्चित समय अवधि पर नही भरा जा पाये तो Save as Darft करके कार्य को सुरक्षित रखा जा सकता है एवं पुनः एक बार लाग ईन करके पुनः नये हुये पृष्टों को भरा जा सकता है।

2.4.4- प्रयोक्ता एजेन्सी को अपने प्रस्ताव में एडिटिंग/सुचनाओं में सुधार किये जाने के उपरान्त एवं यह देखे जाने के उपरान्त कि सभी संलग्नक सूची अनुसार आनलाईन अपलोड हो गया है तो अन्त में Save as lock पर क्लिक करना है। Save as lock करने के उपरान्त प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा प्रस्ताव में कोई नई सूचना नहीं भरी जा पायेगी।

2.4.5- Form A में Save as lock करने के बाद प्रयोक्ता एजेन्सी को एक प्राप्ति रसीद प्राप्त होगी जो उनके द्वारा दिये गये ई–मेल आई0डी0 पर प्राप्त होगा।

2.4.6- प्राप्ति रसीद प्राप्त होने के उपरान्त प्रयोक्ता एजेन्सी को अपने पूर्ण रूप से संशोधित प्रस्तावों की कम से कम तीन प्रति तैयार करनी होगी, जिसकी एक प्रति सम्बन्धित प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय में एक प्रति नोडल कार्यालय में और एक प्रति सम्बन्धित जिलाधिकारी को देनी होगी।

2.4.7- नोडल कार्यालय से प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा ऑन–लाईन भेजे गये प्रस्ताव में अगर कोई कमी पाई जाती है, तो उसके बारे में प्रयोक्ता एजेन्सी को दस दिन के अन्दर ऑन–लाईन सूचना भेजी जायेगी। जिनका निराकरण करके प्रयोक्ता एजेन्सी को ऑन–लाईन ही नोडल कर्यालय को पुनः सूचित करना होगा।

2.4.8 प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा पूर्ण रूप से ठीक प्रकार भरा हुआ प्रस्ताव भेज दिया जायेगा उसे नोडल अधिकारी द्वारा स्वीकार कर लिया जायेगा एवं पुनः उसे सम्बन्धित प्रभागीय वनाधिकारी एवं सम्बन्धित जिलाधिकारी को उनके स्तर से भरी जाने वाली सूचनाओं हेतु अग्रेसित कर दिया जायेगा।

2.4.9 प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा अपने स्तर पर ww.forestsclearance.nic.in पर साईट को खोलना है तथा मुख्य पृष्ट पर अपलोड किये गये प्रस्ताव को क्लिक करके खोलना है। साईट को खोलने के लिए उन्हे उनको दिये गये पासवर्ड एवं आई0डी0 का प्रयोग करना होगा।

2.4.10 प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा जो पृष्ठ भरे जाने हैं उनके विषय में इस अध्याय के अन्त में विस्तार से वर्णन किया जा रहा है। मुख्य रूप से प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा Site Inspection Report को Upload किया जाना है एवं प्रस्ताव पर अपनी संस्तुति दी जानी है।

2.4.11 उपरोक्ता अनुसार सम्बन्धित जिलाधिकारी को भी अपने स्तर पर साईट को खोलकर FRA 2006 के प्रमाण पत्र को अपलोड किया जाना है।

2.4.12 प्रभागीय वनाधिकारी एवं जिलाधिकारी द्वारा उनके स्तर के प्रमाण पत्र संलग्न कर दिये जाने के पश्चात नोडल अधिकारी द्वारा प्रस्ताव को राज्य सरकार को अपनी संस्तुति के साथ स्वीकृति हेतु अग्रेसित कर दिया जायेगा।

2.5 भूमि हस्तान्तरण प्रस्तावों को ऑन–लाईन भेजे जाने की प्रकिया एक नजर मेंः–



2.6- प्रयोक्ता एजेन्सी के द्वारा अपलोड किये जाने वाले आवश्यक संलग्नक

2.6.1 – *अनिवार्य संलग्नक*

अनिवार्य संलग्नक वो हैं जिन्हें प्रस्ताव को अपलोड करते समय अनिवार्य रूप से एक–एक करके साईट पर आवश्यक रूप से अपलोड किया जाना है। **अनिवार्य संलग्नक निम्न प्रकार हैं –**

सारणी–10

संलग्नक सं0	संलग्नक का नाम **Name of the Attachment**	संक्षिप्त विवरण **Short Description**
1.1	Copy of documents in support of the competence/authority of the person making this application to make application on behalf of the User Agency. सक्षम अधिकारी / ऑन–लाईन प्रस्ताव प्रेषित करने हेतु नामित अधिकारी/कर्मचारी का प्रमाण पत्र।	जिस व्यक्ति द्वारा प्रस्ताव को अपलोड किया जायेगा, उसके नाम एवं पद के साथ के कार्यालयध्यक्ष द्वारा एक प्रमाणपत्र इस कार्य को करने हेतु सक्षम बनाकर दिया जाना है।
1.2	Copy of Survey of India Toposheet indicating boundary of forest land proposed to be diverted. सर्वे ऑफ इण्डिया टोपोशीट मानचित्र जिसमें प्रस्तावित कार्य का पूर्ण वन क्षेत्र को दर्शाया गया हो।	सर्वे आफ इण्डिया के टोपोशीट पर प्रस्तावित समरेखन जिन–जिन वन क्षेत्र से गुजरेगा उस क्षेत्र की वनों की वैधानिक स्थिति को दर्शाते हुए अलग–अलग रंग प्रयोग करते हुए दर्शाया जाना है।
1.3	Scanned copy of the Geo-referenced map of the forest land proposed to be diverted prepared by using GPS. मैप जिसमें टोपोशीट पर प्रस्तावित क्षेत्र को जी0पी0एस0 के साथ दिखाया गया हो।	यह एक ऐसा मानचित्र है जिसे डिजिटाईजड मैप पर कम्प्यूटर पर बनाना है और इस मानचित्र पर प्रस्तावित समरेखन को GPS के साथ दर्शाया जाना है। इस मानचित्र की की CD भी बनायी जानी है ।
1.4	Google Map of the proposed site showing legal status of the proposed land and alternative examined for the project with legend. (kml file) (pdf file). गूगल मानचित्र जिसमें प्रस्तावित कार्य का पूर्ण विवरण अंकित हो तथा वैकल्पिक समरेखण एवं प्रस्तावित भूमि को पूर्ण रूप से दर्शाया गया हो।	Goole Earth साईट को खोलकर उस पर प्रस्तावित तथा वैकल्पिक समरेखन के GPS डालने पर यह मानचित्र तैयार हो जायेगा और इस मानचित्र को Google Earth में Save करने पर स्वयं KML File तैयार हो जायेगी इस मानचित्र की एक प्रिन्ट निकालकर एवं उसे स्कैन करके प्रस्ताव के साथ अपलोड किया जाना है। PDF file में
1.5	Note containing justification for locating the Project in forest land (pdf file). प्रस्तावित कार्य हेतु वन भूमि के मांग का पूर्ण औचित्य को दर्शाते हुए एक विस्तृत आख्या।	प्रस्ताव में जिस वन भूमि की माँग वनों के गैर वानिकी प्रयोग हेतु माँगी जा रही है उस माँग के ऑचित्य को दर्शाते हुए एक सन्र्दभित आख्या देनी है। आख्या में इस वन भूमि के विक्लप क्यों नहीं है इस पर भी विस्त्रितों आख्या देनी है।

1.6	Certificate by DM- Forest Right Act-2006(in MoEF revised prescribed form) (pdf file). जिलाधिकारी द्वारा प्रदत्त वन अधिकार अधिनियम, 2006 का प्रमाण–पत्र मय संलग्नकों के (नये प्रारूप में)।	यह प्रमाण पत्र भारत सरकार के निर्धारित प्रारुप में जिलाधिकारी द्वारा दिया जाना है,परन्तु प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा दो प्रमाण पत्र जिसमें ग्राम वासियों द्वारा अनापित्त दिया गया हो और एक प्रामण पत्र जिसमें उपजिलाधिकारी द्वारा ग्राम स्तर पर बैठक आदि करके वनाधिकार के निर्धारित हो, जाने के संबध दिया गया हो को अपलोड किया जाना है।
1.7	Survey of India Toposheet in 1:50,000 scale indicating location of the land identified for creation of Compensatory Afforestation: signed by DFO (pdf file). प्रस्तावित परियोजना का 1:50,000 के पैमाने का मानचित्र जिसमें क्षतिपूरक वृक्षारोपण स्थान को दर्शाया गया हो तथा सम्बन्धित प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित हो।	इस प्रमाण पत्र पर टोपोसीट की छायाप्रति जिसमें क्षतिपूरक वृक्षारोपण स्थान को स्पष्ट GPS संख्या के साथ दर्शायी गई हो को Scan करके एंव उसकी Pdf File बनाकर अपलोड किया जाना है।
1.8	Colored copy of the google map showing the land identified for CA. (kml file) signed by DFO (pdf file). रंगीन गूगल मानचित्र जिसमें क्षतिपूरक वृक्षारोपण स्थल को दर्शाया गया हो तथा सम्बन्धित प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित हो।	इस मानचित्र पर गूगल मैप की रंगीन छाया प्रति जिस पर प्रस्तावित क्षतिपूरक वृक्षारोपण स्थल को स्पष्ट रूप से दर्शाया गया हो को Scan करके एवं Pdf file बनाकर अपलोड किया जाना है । ध्यान यह रखा जाये कि जिस स्थान पर वृक्षारोपण प्रस्तावित है उस स्थान का नाम भी इस मानचित्र में स्पष्ट रूप से दर्शाया जाये।
1.9	If non-forest or Revenue forest land is required to be provided by User Agency? A Copy of ownership proof and No Objection Certificate (pdf file). यदि प्रस्तावित कार्य हेतु गैर वन भूमि अथवा राजस्व वन भूमि की आवश्यकता हो तो भूमि धर का अनापत्ति प्रमाण–पत्र एवं भूमिधरों का भूमिधर होने का प्रमाण–पत्र।	अगर प्रस्ताव में वन क्षेत्र के अतिरिक्त ऐसा क्षेत्र भी प्रस्तावित किया जा रहा है जो कि वन नही है यानि निजी भूमि/राजस्व भूमि/व्यक्तिगत है तो प्रस्तावित व्यक्तिगत क्षेत्र या अन्य प्रकार का भूमि जो वन विभाग के कब्जे में नहीं है, उसके वर्तमान स्वामी द्वारा एक अनापत्ति प्रमाण पत्र तथा उनके भूमि के स्वामी होने का प्रमाण पत्र Scan कर अपलोड किया जाना है।
1.10	Copy of Mou/agreement executed between the Present owner and the User Agency. (pdf file). भूमिधर एवं प्रयोक्ता एजेन्सी के बीच हुए करार (PDF).	अगर प्रस्ताव में गैर वनभूमि यानि ऐसा वन क्षेत्र जो कि वन विभाग के कब्जे में नहीं है, भी प्रस्तावित है तो प्रयोक्ता एजेन्सी वर्तमान भू स्वामी के साथ एक करार करना पडे.गा कि इस वन भूमि को वर्तमान भू स्वामी किन शर्तों पर प्रयोक्ता एजेन्सी को उपलब्ध कराय । इस करार की प्रति pdf format upload किया ।
1.11	Cost benefit anylises (in more then 5.0 ha. Land diversion cases) (pdf file). विस्तृत लागत–लाभ विशलेषण प्रमाण–पत्र (यदि लागू हो)।	प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा प्रस्तावित प्रोजेक्ट को बनाने में जितना व्यय किया जायेगा, उतना करने के पश्चात अथवा किये जाने के दौरान/सतत रूप से कितना आर्थिक लाभ होगा का तुलनात्मक विवरण भारत सरकार द्वारा निर्धारत प्रारुप में पूर्ण औचित्य के साथ दिया जाना है।

2.6.2- *अतिरिक्त संलग्नक*

अतिरिक्त संलग्नक वे हैं जिन्हे प्रस्ताव के अनिवार्य 11 संलग्नकों को अपलोड करने के पश्चात सबसे अन्त में साईट के अन्तिम पेज पर Additional Information के नाम में एक साथ एक के बाद एक अपलोड करना है। यह **अतिरिक्त संग्लनक निम्न प्रकार से हैं–**

सारणी–11

संलग्नक सं0	संलग्नक का नाम **Name of the Attachment**	संक्षिप्त विवरण **Short Description**
2.1	A short narrative and importance of the project.. (pdf file). प्रस्ताव के बारे में विवरण एवं प्रस्ताव की औचित्य एवं आवश्यक्ता।	एक सारगर्भित आख्या, जिसमें प्रस्तावित परियोजना के विषय में पूरा विवरण संक्षेप में दिया गया हो को अपलोड किया जाना है, जिसमें प्रस्तावित कार्य की आवश्यकता एवं औचित्य का पूर्ण वर्णन किया जाना ।
2.2	Administrative and Financial sanction (pdf file). परियोजना हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति।	सक्षम अधिकारी द्वारा जारी वित्तीय/प्रशासनिक स्वीकृति को Scan कर अपलोड किया जाना है तथा यह ध्यान रखा जाना है कि यह प्रमाण पत्र स्वच्छ एवं पठनीय हो जिसमें सक्षम अधिकारी के नाम पद कार्यलय दिनांक आदि स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो ।
2.3	Preliminary Joint Inspection report (by user agency, forest department, revenue department etc.) (pdf file). संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट। (प्रयोक्ता एजेन्सी तथा वन विभाग एवं राजस्व विभाग के साथ)।	प्रस्ताव कों बनाते समय प्रारम्भ में प्रयोक्ता एजेन्सी, वन विभाग, राजस्व विभाग, एवं अन्य दावेदारों द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया जाना है एवं इस निरीक्षण आख्या को बनाते समय यह ध्यान रखा जाना है कि प्रस्तावित समरेखण, वैकल्पिक समरेखण एवं मलवा निस्तारण का चयन भी साथ–साथ कर लिया जाये एवं उस रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से इसका विवरण दिया जाये। प्रस्तावित एवं वैकल्पिक समरेखनों पर वृक्षों की गणणा कर ली जाये।अच्छा होगा कि भूवैज्ञानिक का सलाह भी प्रस्तावित समरेखन हेतु प्राप्त कर ली जाये ।
2.4	Comperative chart showing statement of both alignment or alternate site explored for the proposed project and reasons for their rejection duly countersigned by DFO. (pdf file). वैकल्पिक संरेखणों को मानचित्र पर प्रदर्शित कर उनके निरस्त किये जाने का औचित्य एवं कारण।	इस स्थान पर एक ऐसी रिपोर्ट जिसमें प्रस्तावित समरेखण एवं वैकल्पिक समरेखणों को निरस्त किये जाने एवं प्रस्तावित संमरेखण को चुने जाने का पूर्ण आधार comparative chart बनाकर दिया गया हो अपलोड किया जाये।
2.5	Certificate from the DM that no alternative suitable non-forest land is available for the project in question and the demand of the forest land for the project is barest minimum. (pdf file). जिलाधिकारी/प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा प्रदत्त वैकल्पिक भूमि उपलब्ध न होने व वन भूमि की मांग न्यूनतम होने का प्रमाण–पत्र।	इस स्थान पर सम्बन्धित जिलाधिकारी द्वारा एक प्रस्तावित क्षेत्र के अतिरिक्त किसी भी दूसरे वैकल्पिक क्षेत्र उपलब्ध ना होने के विषय में एवं प्रस्तावित मांग न्यूनतम होने का प्रमाण पत्र दिया जाना है एवं इस पर प्रभागीय वनाधिकारी के हस्ताक्षर भी आवश्यक रूप से होने है।

2.6	Land schedule (for RF signed by DFO and civil soyam, Van panchayat and private nap land signed by DM). (pdf file) . प्रभावित वन भूमि का लैण्ड शैड्यूंल (रिजर्व फोरेस्ट में प्रभागीय वनाधिकारी तथा राजस्व भूमि में जिलाधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित)।	लैण्ड शैड्यल आदि इस मार्गदर्शिका के अन्त में जो प्रारूप दिया गया है उसी प्रारूप में बनाया जाना है एवं इसमें सभी सम्बन्धित अधिकारियों के हस्ताक्षर होने है।
2.7	Category wise (RF,civil soyam, Van panchayat and private nap land, Notified forest land etc.) land length, width and area in Ha. (pdf file). परियोजना की लम्बाई चौड़ाई तथा कुल क्षेत्र हे0 में भूमि विभिन्न वर्गवार आरक्षित, निजि वन, वन पंचायत, नीजि भूमि, आदि।	प्रस्तावित भूमि के विभिन्न उपयोग के विषय में एवं विभिन्न प्रकार की भूमियों की आवश्यकता होगी उसे हेक्टेयर में दर्शाया जाना हैं एवं इस प्रमाण पत्र पर भी जिलाधिकारी एवं अन्य दावेदारों के हस्ताक्षर होने हैं।
2.8	Bar Chart with index (counter signed by DFO). (pdf file). परियोजना का भूमि उपयोग का बार–चार्ट। (प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित)।	बार चार्ट इस मार्गदर्शिका में दिये गये प्रारुप के अनुसार ही बनाना है और यह ध्यान रखा जाना इस बारचार्ट में केवल वन भूमि को ही नहीं वरन प्रस्ताव में शामिल सभी प्रकार की भूमि को प्रयोजन वार एवं समरेखण में किस स्थान पर किस भूमि का उपयोग होगा उसे विभिन्न रंगों से दर्शाया जाना है।
2.9	Compensatory afforestation scheme in Civil and Soyam land (10 years) by DFO (pdf file). क्षतिपूरक वृक्षारोपण योजना सिविल भूमि पर (10 वर्षीय दरों पर)।	दस वर्षीय क्षतिपूरक वृक्षारोपण योजना प्रभागीय वनाधिकारी से तैयार करवाकर कर एवं उनके हस्ताक्षर कराकर अपलोड किया जाना है। योजना में क्षतिपूरक वृक्षारोपण स्थल तथा उसके अशांक्ष एवं देशान्तर
2.10	Certificate regarding suitability of indentified land for Comensatory Afforestation by DFO (pdf file). क्षतिपूरक वृक्षारोपण वन स्थल उप्युक्तता प्रमाण–पत्र। (प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा)।	जिस स्थान पर क्षति पूरक वृक्षारोपण होना है वह स्थल वृक्षारोपण हेतु पूर्ण रूप उपयुक्त है एवं उस स्थल पर वृक्षारोपण किये जाने की आवश्यकता है के विषय में एक प्रमाण पत्र प्रभागीय वनाधिकारी से प्राप्त कर अपलोड किया जाना है।
2.11	Undertaking by the User Agency to bear the cost of compensatory afforestation duly counter signed by the DFO (pdf file). प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा क्षतिपूरक वृक्षारोपण को बहन किये जाने का प्रमाण–पत्र। (प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित)।	क्षति पूरक वृक्षारोपण पर होने वाले व्यय को प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा वहन किया जायेगा के विषय में एक प्रमाण पत्र स्पष्ट रूप से बनाकर अपलोड किया जाना है।
2.12	Road side/gap filling plantation estimate (by DFO) (pdf file). प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा प्रदत्त रिक्त पड़े स्थानों पर उचित वृक्षारोपण का प्राक्कलन।	रिक्त स्थानो पर एवं खाली स्थानों पर 10 वर्षीय पौधारोपण करने का प्राकल्लन प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा तैयार करके अपलोड किया जाना है।

2.13	Undertaking by the User Agency to bear the cost of Road side /gap filling plantation (by user agency) (pdf file) प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा मार्ग के दोनों ओर रिक्त पड़े स्थानों पर उचित वृक्षारोपण की धनराशि वहन किये जाने का प्रमाण–पत्र।	प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा रोड साईड पथ वृक्षारोपण एवं रिक्त स्थानों पर होने वाले प्लानटेशन के व्यय को वहन किये जाने सम्बन्धी एक प्रमाण पत्र अपलोड किया जाना है।
2.14	Estimate of 100 trees plantation by DFO (less then 1.0 ha. cases) (pdf file). प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा प्रदत्त 100 वृक्षों के वृक्षारोपण सम्बन्धी प्रमाण–पत्र। (1 हे0 से कम में लागू।)	100 वृक्षों का DFO स्तर से 10 वर्षीय प्राक्कलन बनवाकर अपलोड किया जाना है।
2.15	Details of the trees with their scientific name in RF, Civil Soyam, Van Panchayat, Private Notified land and in Nap Land should be mentioned (with valuation of the trees to be felled) (0-10 dia trees will be mentioned as saplings). (pdf file) Tree count. परियोजना से प्रभावित होने वाले वृक्षों की सूची एवं उनके वैज्ञानिक नाम। (सूची आरक्षित वन क्षत्र, सिविल, वन पंचायत, एवं निजी भूमि दोनों अलग–अलग बनायी जानी होगी)।	काटे जाने वाले वृक्षो की सूची मय वैज्ञानिक नाम के बनाकर अपलोड किया जाना है और यह ध्यान रखा जाना है कि आरक्षित वन सिविल वन, वन पंचायत, नाप भूमि आदि स्थानो पर करने वाले वृक्षों की भूमीवार अलग–अलग सूचियाँ बनायी जायें।
2.16	Felling of Oak trees (if involves, inspection report of the concerning CF has to be provided). (pdf file). बांज प्रजाति के वृक्षों के पातन हेतु वन संरक्षक की संस्तुति का प्रमाण–पत्र।	अगर बांज वृक्षों का पातन निहित है तो वन संरक्षक की संस्तुति का प्रमाण पत्र वन संरक्षक स्तर से बनवाकर अपलोड किया जाना हैं
2.17	If felling of trees is not involved, certificate by DFO in this regard. (pdf file). अगर वृक्षों का पातन नहीं होना है तो प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा दिया गया प्रमाण–पत्र।	अगर वृक्षों का पातन निहित नहीं है तो इस सम्बन्ध में प्रभागीय वनाधिकारी स्तर से एक प्रमाण पत्र तैयार करवाकर अपलोड किया जाना है।
2.18	Certificate of felling minimum trees during the project work. (pdf file) . न्यूनतम वृक्षों के पातन किये जाने का प्रमाण–पत्र।	न्यूनतम वृक्षों के पातन हेतु प्रमाण पत्र प्रभागीय वनाधिकारी स्तर से बनवाकर अपलोड किया जाना है।
2.19	Muck disposal scheme (in prescribed format) (pdf file). परियोजना के निर्माण से उत्पादित मलवा निस्तारण की योजना। (निर्धारित प्रारूप में)।	मलवा निस्तारण प्रस्ताव बनाये जाने का माडल इस मार्गदर्शिका में दिया गया है । इसी के अनुसार प्लान बनाकर अपलोड किया जाना है।

उक्त प्रकरण के विषय में ग्राम पंचायत ———————— द्वारा दिनांक.....को सम्पन्न ग्राम सभा/ग्राम पंचायत की बैठक में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा आवेदित वन भूमि के संबंध में अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु विस्तृत चर्चा की गई। यह कि वन अधिकार अधिनियम, 2006 के प्राविधानों के तहत् आवेदित वन भूमि में आदिवासी अथवा किसी गैर आदिवासी का कब्जा/कृषि कार्य है अथवा नहीं। * उपस्थित सभी ग्रामवासियों द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त वन भूमि में किसी भी आदिवासी अथवा गैर आदिवासी का कब्जा/कृषि कार्य नहीं किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त परियोजना के निर्माण हेतु आवेदित वन भूमि पर ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन नहीं हो रहा है।

चर्चा के उपरान्त ग्राम सभा द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया /प्रस्ताव पारित किया गया कि ग्राम ———————————— के ग्रामवासियों को उक्त वन भूमि ————————————प्रयोक्ता एजेन्सी को परियोजना के निर्माण हेतु दिये जाने पर कोई आपत्ति नहीं है।

प्रमाणित किया जो सत्य एवं सही है।

ह0/–
ग्राम सचिव
मुहर सहित

ह0/–
ग्राम प्रधान/सरपंच
मुहर सहित

प्रारुप–30.4

दिनांक .....को ग्राम सभा की सम्पन्न बैठक की उपस्थिति

ग्राम पंचायत .....

कमांक	ग्राम सभा में उपस्थित वरिष्ठ ग्रामवासियों के नाम	हस्ताक्षर

ह0/–
ग्राम प्रधान

प्रारुप–31

परियोजना का नाम :–

(केवल जल विद्युत परियोजनाओं के लिये लागू)

मदवार विवरण

प्रस्तावित परियोजना के विभिन्न घटकों का मदवार/भूमिवार/क्षेत्रफलवार का विवरण।

क्र0सं0	घटक/ कम्पोनेंट (Component)	आरक्षित वन भूमि (हे0 में)	सिविल एवं सोयम भूमि (हे0 में)	वन पंचायत भूमि (हे0 में)	संरक्षित वन (हे0 में)	कुल वन भूमि (हे0 में)	नाप भूमि (हे0 में)	कुल योग (हे0 में)
योगः–								

ह0/–
प्रयोक्ता एजेन्सी

ह0/–
प्रभागीय वनाधिकारी

प्रारुप–32

परियोजना का नामः–

भवन निर्माण/जल विद्युत परियोजनाओं हेतु ले–आउट प्लान/मदवार विवरण दिया जाना होगा ।

ह0/
(प्रयोक्ता एजेन्सी)

प्रारुप–33

परियोजना का नामः–

भू–वैज्ञानिक की आख्या

(प्रस्तावित स्थल की भू–वैज्ञानिक द्वारा निर्गत अद्यतन निरीक्षण आख्या प्राप्त कर संलग्न की जाय।)

ह0/–
(भू–वैज्ञानिक)
नाम व मुहर सहित

प्रारुप–34

परियोजना का नामः–

भू–वैज्ञानिक की संस्तुतियों/सुझावों का अनुपालन किये जाने का प्रमाण–पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि विषयगत परियोजना के निर्माण हेतु भू–वैज्ञानिक द्वारा दिये गये सुझावों/संस्तुतियों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

ह0/–
(प्रयोक्ता एजेन्सी)

प्रारुप–35

परियोजना का नामः–

Task Force Certificate

(i) Lay out of the Land-be followed as far as possible.
(ii) Heavy cutting/filling be avoided-as far as possible. The technology of cut and fill method is to be adopted. Steep hill slopes also to be avoided.
(iii) Unstable/slide-prone areas to be avoided. For identifying such areas the advice of Geotechnical engineers and geologists to be taken during the survey for alignment.
(iv) Comparison of various possible alignments with reference to erosion potential be made and the alignment involving minimum erosion risks be preferred.

Apart from the stage of planning the road alignment, effective steps are also required to be taken by ground engineer during the process of road construction for minimized ecological disturbance to the hill roads Broadly the measures to be taken have been identified as :-

(i) Cut and fill method to be adopted while excavating for road formation and heavy earth cutting is to be avoided Box cutting is to be avoided to the extent possible.

(ii) Blasting by explosives is to be restricted to the minimum. Lay out of holes to be drilled for blasting is to be planned keeping in view the line of least resistance and the existence of joints Controlled blasting should be repeated using low charge and care be taken to avoid activating slide zones or widening fissures and cracks in road. Use of delay detonators in large scale basting work is to be made for anaoline dispersion of chock waves, so that minimum disturbance is caused to the rock stratum as a result of the blasting process.

(iii) All cut slopes, unusable hill side and slide prone erosion prone areas are to be provided with suitable correction measures by using one or the other of the techniques developed by CRRI. Several techniques have been sponsored by CRRI. like simple vegetative turning, bitumen muck treatment and slide treatment by jute netting coir netting of these simple vegetative turning seems to be the most appropriate preventive measure in many situations. This should be established in the denuded slopes immediately after the excavation is made.

(iv) Adequate drainage measures and protective structures like intercepting catch water drains, longitudinal drains/culverts, breast walls, retaining walls are to be provided for purpose of establishing the slips Growth vegetative cover is to be stimulated in the disturbed hill slops above the road level by planting suitable fast growing shrubs and plants. In

(v) Over the past few years the roads wing of the Ministry of Shipping and transport has issued instruction laying down broad guidelines and check list of the preparation of road construction projects which provide an inbuilt mechanism of tackling land slides/erosion control for the guidance and follow up action by engineers of state 'PWD' Border Roads Organization and others engaged in construction of hill roads. these should be observed.

प्रमाणित किया जाता है कि योजना आयोग द्वारा गठित टास्क फोर्स द्वारा प्रदत्त उक्त संस्तुतियाँ का परियोजना के निर्माण के दौरान अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा हैं।

ह0/–

प्रयोक्ता एजेन्सी

प्रारुप–36

परियोजना का नामः–

मानक शर्तों का मान्य होने का प्रमाण–पत्र

मानक शर्तें

1. वन भूमि हस्तान्तरण के बाद भी उसकी वैधानिक स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं होगा और वह पूर्व की भाँति रक्षित या आरक्षित वन भूमि बनी रहेगी।
2. प्रश्नगत भूमि का उपयोग केवल कथित प्रयोजन हेतु ही किया जायेगा व अन्य प्रयोजन हेतु कदापि नहीं किया जायेगा।
3. प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा प्रस्तावित भूमि अथवा उसके किसी भी भाग को किसी अन्य विभाग, संस्था अथवा व्यक्ति विशेष को हस्तान्तरित नहीं किया जायेगा।
4. वन भूमि का संयुक्त निरीक्षण करके सुनिश्चित कर लिया गया है कि आवेदित भूमि न्यूनतम है तथा इसके अतिरिक्त कोई अन्य वैकल्पिक भूमि उपलब्ध नहीं है।
5. प्रयोक्ता एजेन्सी, उसके कर्मचारी, अधिकारी अथवा ठेकेदार वन भूमि को किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुँचायेंगे और ऐसा किये जाने पर सम्बन्धित वनाधिकारी द्वारा निर्धारित प्रतिकर का भुगतान प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा किया जायेगा। इस हेतु प्रयोक्ता एजेन्सी सहमत है।
6. परियोजना के निर्माण हेतु आवेदित भूमि का सीमांकन प्रयोक्ता एजेन्सी के व्यय से सम्बन्धित वनाधिकारी की देख–रेख में किया जायेगा तथा इस सम्बन्ध में बनाये गये मुनारों का रख–रखाव किया जायेगा।
7. हस्तान्तरित वन भूमि पर वन विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को निरीक्षण हेतु जाने पर प्रयोक्ता एजेन्सी को कोई आपत्ति नहीं होगी।
8. बहुमूल्य वन सम्पदा से आच्दादित एवं वन जन्तुओं से भरपूर वन क्षेत्रों का हस्तान्तरण यथासम्भव प्रस्तावित न किया जाय। केवल अपरिहार्य करणों से ही ऐसा किया जाना सम्भव होगा, परन्तु प्रतिबन्ध यह होगा कि वन सम्पदा की क्षतिपूर्ति एवं वन्य जन्तुओं के स्वछन्द विचरण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के बाद ही भूमि हस्तान्तरित की जायेगी।
9. सिंचाई विभाग/जल निगम द्वारा वन विभाग की नर्सरीयों को एवं वन विभाग के कर्मचारियों की निःशुल्क जल की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी।
10. प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा हस्तान्तरित वन भूमि का उपयोग अन्य प्रयोजन हेतु करने अथवा अन्य विभाग संस्था या व्यक्ति विशेष को हस्तान्तरित करने पर वन भूमि स्वतः किसी प्रतिकर के भुगतान किये बिना वन विभाग को वापस हो जायेगी। वन भूमि की आवश्यकता प्रयोक्ता एजेन्सी न होने पर हस्तान्तरित भूमि तथा उस पर निर्मित भवन आदि स्वतः बिना किसी प्रतिकर भुगतान के वन विभाग को प्राप्त हो जायेगी।
11. सड़क निर्माण के प्रस्तावों पर संरेखण तय करते समय स्थानीय स्तर पर वन विभाग का परामर्श लो0नि0वि0 द्वारा प्राप्त किया जायेगा तथा इस सम्बन्ध में मुख्य अभियन्ता, लो0नि0वि0 को सम्बोधित पत्र संख्या 608 सी0 दिनांक 10–2–82 में

निहित आदेशों का पालन भी लो0नि0वि0 द्वारा किया जायेगा। वन भूमि पर अश्वमार्ग बनाना अथवा वन मार्गों का सुदृढ़ीकरण/चौड़ीकरण कार्य करने हेतु वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के अन्तर्गत भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की स्वीकृति प्राप्त की जानी अनिवार्य है।

12. प्रयोक्ता एजेन्सी के द्वारा वन भूमि का मूल्य सम्बन्धित जिलाधिकारी द्वारा वर्तमान बाजार दर के अनुसार राज्य सरकार के पक्ष में जमा कराया जायेगा।
13. वन भूमि पर खड़े वृक्षों का निस्तारण वन विभाग, उत्तराखण्ड वन विकास निगम द्वारा किया जायेगा।
14. हस्तान्तरित भूमि पर पड़ने वाले वृक्षों के प्रतिकार में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा हस्तान्तरित भूमि के समतुल्य वृक्षारोपण का भुगतान अथवा समतुल्य गैर वानिकी भूमि उपलब्ध न होने पर प्रस्तावित भूमि के दुगने गैर वानिकी क्षेत्रफल में वृक्षारोपण तथा 3 वर्ष तक परिपोषण व्यय जो भी वन विभाग द्वारा तय किया जाय का भुगतान प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा वन विभाग किया जायेगा। 1000 मीटर एवं 30 डिग्री से अधिक ढाल पर खड़े वृक्षों का पातन भी निषिद्ध है, इसी प्रकार बांज के पेड़ों पर पातन भी वर्जित है। ऐसे वृक्षों के पातन का निरीक्षण सम्बन्धित वन संरक्षक स्तर पर ही होगा।
15. वन भूमि पर प्रस्तावित विद्युत पारेषण लाईन के कोरिडोर के नीचे यथासम्भव पेड़ों का पातन नहीं किया जायेगा व पारेषण लाईन के खम्भों को ऊँचा कर अधिक से अधिक संख्या में पेड़ों को बचाया जायेगा। यदि फिर भी पेड़ों का पातन अनिवार्य प्रतीत होता है तो न्यूनतम पेड़ों की संख्या संयुक्त स्थल निरीक्षण करके सम्बन्धित उप वन संरक्षक द्वारा निश्चित की जायेगी।
16. यदि नहर आदि निर्माण में भू–संरक्षण की सम्भावना होती है और नहर की दोनों पट्टीयों को पक्का करना आवश्यक समझा जाता है, तो प्रयोक्ता एजेन्सी उक्त कार्य को स्वयं के व्यय से करायेगा।
17. उपरोक्त मानक शर्तों के अतिरिक्त यदि भारत सरकार अथवा वन विभाग द्वारा किसी विशिष्ट प्रकरण में कोई अन्य शर्तें लगाई जाती हैं, तो प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा उसका पालन किया जाना अनिवार्य होगा।
18. वन भूमि का वास्तविक हस्तान्तरण तभी किया जाय, जब उक्त शर्तों का पूरा अनुपालन प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा किया गया हो अथवा सक्षम स्तर से आश्वासन प्राप्त हो जाय।

प्रमाणित किया जाता है कि वन विभाग उत्तराखण्ड शासन तथा भारत सरकार द्वारा लगाई गई शर्तें प्रयोक्ता एजेन्सी को मान्य है।

ह0/
प्रयोक्त

प्रारुप–37

परियोजना का नामः–

धार्मिक/पौराणिक/ऐतिहासिक महत्व के स्थल न होने का प्रमाण–पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि आवेदित वन भूमि में किसी प्रकार का ऐतिहासिक स्थल, धार्मिक स्थल, स्मारक, मन्दिर, मस्जिद, शमशान घाट, कब्रिस्तान आदि स्थित नहीं है तथा उक्त वन भूमि सार्वजनिक उपयोग की नही है।
यह भी प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त वन भूमि अन्य प्रयोजन हेतु किसी को आवंटित नही की गई है।

ह0/
प्रयोक्ता एजेन्सी

ह0/–
जिलाधिकारी

प्रारुप–38

परियोजना का नामः–

वन्य जीव/वनस्पतियों को क्षति न पहुॅचायें जाने का प्रमाण–पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि प्रस्तावित परियोजना के निर्माण कार्य/रख–रखाव के दौरान वन्य जीवों/स्थानीय वनस्पतियों को कोई नुकसान नही पहुॅचाया जायेगा।

ह0/
प्रयोक्ता एजेन्सी

प्रारुप–39

परियोजना का नामः–

परियोजना में कार्यरत श्रमिकों को मिट्टी का तेल/रसोई गैस उपलब्ध कराये जाने का प्रमाण–पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि प्रश्नगत परियोजना निर्माण कार्य के दौरान निर्माण कार्य में कार्यरत श्रमिकों/कर्मचारियों को प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा मिट्टी का तेल/रसोई गैस उपलब्ध करायी जायेगी।

ह0/
प्रयोक्ता एजेन्सी

प्रारुप–40

परियोजना का नामः– लाभान्वित होने वाले ग्रामों/परिवारों/जनसंख्या के सम्बन्ध में प्रमाण–पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि प्रश्नगत परियोजना के निर्माण से निम्नलिखित स्थानीय ग्रामों/परिवारों/जनसंख्या को लाभ प्राप्त होगा।

क0सं0	ग्राम का नाम	परिवारों की संख्या	जनसंख्या
1			
योगः–			

ह0/– प्रयोक्ता एजेन्सी

प्रारुप–41

परियोजना का नामः–

वन भूमि के मूल्य/वार्षिक लीज रेन्ट का प्रमाण–पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि प्रस्तावित वन भूमि का वर्तमान बाजार दर से मूल्य रूपये.....प्रति हे0 है तथा उक्त प्रयोजन हेतु.....हे0 वन भूमि का कुल प्रीमियम (मूल्य) रूपये.....होता है। उक्त वन भूमि का वार्षिक लीज रेन्ट प्रीमियम (मूल्य) का.....प्रतिशत की दर से रूपये.....प्रतिवर्ष होता है।

ह0/–
जिलाधिकारी

प्रारुप–42

परियोजना का नामः–

क्षतिपूरक वृक्षारोपण का 10 वर्षीय प्राक्कलन मय मानचित्र
क्षतिपूरक वृक्षारोपण योजना के साथ संल्गन किया जाना है ।

ह0/–
प्रयोक्ता एजेन्सी

ह0/–
प्रभागीय वनाधिकारी

प्रारुप–43

परियोजना का नामः–

क्षतिपूरक वृक्षारोपण स्थल उपयुक्तता प्रमाण–पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु चिन्हित .....स्थल वृक्षारोपण हेतु सर्वदा उपयुक्त है।

ह0/–
प्रभागीय वनाधिकारी

प्रारुप–44

परियोजना का नामः–
क्षतिपूरक वृक्षारोपण का 1:50000 पैमाने का टोपोशीट का मानचित्र, जिसमें क्षतिपूरक वृक्षारोपण स्थल को दर्शाया गया हो तथा सम्बन्धित प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित हो, संलग्न किया जाय। मानचित्र में समस्त सूचनाओं जी0पी0एस0 रीडिंग सहित दर्शाते हुए संकेत तालिका में भी दिया जाय।

ह0/–
प्रयोक्ता एजेन्सी

ह0/–
प्रभागीय वनाधिकारी

प्रारुप–45

परियोजना का नाम :–

क्षतिपूरक वृक्षारोपण का रंगीन गूगल मानचित्र, जिसमें क्षतिपूरक वृक्षारोपण स्थल को दर्शाया गया हो तथा सम्बन्धित प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित हो, संलग्न किया जाय। मानचित्र में समस्त सूचनाओं जी0पी0एस0 रीडिंग सहित दर्शाते हुए संकेत तालिका में भी दिया जाय।

ह0/–
प्रयोक्ता एजेन्सी

ह0/–
प्रभागीय वनाधिकारी

प्रारुप–46

परियोजना का नाम :–

परियोजना स्थल के आस–पास रिक्त पड़े स्थानों/पथ वृक्षारोपण/100 वृक्षों/काटे जाने वाले वृक्षों के एवज में दस गुना वृक्षों/बौनी प्रजातियों के वृक्षों के रोपण का प्राक्कलन संल्गन किया जाना है (जो भी लागू हो)

प्रारुप–47

परियोजना का नामः–
प्रस्तावित कार्य हेतु यदि गैर वन भूमि अथवा राजस्व भूमि की आवश्यकता हो तो भूमिधर का अनापत्ति प्रमाण–पत्र एवं भूमिधरों का भूमिधर होने का प्रमाण–पत्र संलग्न किया जाना है।

ह0 भूमिधर

ह0 राजस्व विभाग
नाम पद एवं मुहर सहित

प्रारुप–48

परियोजना का नामः–
भूमिधर एवं प्रस्तावक विभाग के मध्य हुए अनुबन्ध की प्रति संलग्न की जाय।

ह0 भूमिधर ह0 राजस्व विभाग नाम पद एवं मुहर सहित

प्रारुप–49

परियोजना का नामः–

मलवा निस्तारण योजना इस मार्गदर्शिका के परिषिश्ट में दिये माडल अनुसार तैयार की जानी है।

ह0 प्रयोक्ता एजेन्सी।

ह0/–
प्रभागीय वनाधिकारी

प्रारुप–50

परियोजना का नामः–

एन0पी0वी0 की धनराशि का आंकलन

प्रमाणित किया जाता है कि भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, नई दिल्ली के आदेश संख्या 5–3/2007–एफ0सी0 दिनांक 05–02–2009 में उल्लिखित व्यवस्था के अनुसार आवेदित वन भूमि हेतु एन0पी0वी0 की देयता निम्नानुसार है :–

1. ईको–क्लास श्रेणी.....
2. हरियाली का घनत्व.....
3. एन0पी0वी0 की दर प्रति हे0.....
4. आवेदित वन भूमि का क्षेत्रफल.....
5. कुल देय एन0पी0वी0 की धनराशि.....

ह0/–
प्रभागीय वनाधिकारी

प्रारुप–51

परियोजना का नामः–

एन0पी0वी0 की बढ़ी दरों के अनुसार अतिरिक्त धनराशि जमा कराये जाने का प्रमाण–पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि यदि भविष्य में मा0 उच्चतम न्यायालय/भारत सरकार द्वारा एन0पी0वी0 की वर्तमान दरों में कोई बढोतरी की जाती है तो एन0पी0वी0 की बढ़ी हुई धनराशि का भुगतान वन विभाग को यथासमय कर दिया जायेगा।

ह0/–
प्रयोक्ता एजेन्सी

प्रारुप–52

परियोजना का नामः–

<u>प्रस्तावित परियोजना के लिये प्रत्यावर्तित की जाने वाली वन भूमि का आर0सी0सी0 पिलरों द्वारा सीमांकन का प्राक्कलन</u>

प्रमाणित किया जाता है कि प्रस्तावित वन भूमि के सीमांकन/सर्वेक्षण हेतु आने वाले व्यय का भुगतान वन विभाग के पक्ष में किया जायेगा।

क.स.	कार्य का नाम	इकाई/संख्या	नपत मीटर में			मात्रा	इकाई	दर (रू0 में)	धनराशि (रू0 में)
			ल0	चौ0	ऊचाई				
1	आर0सी0सी0 पिलर निर्माण हेतु बुनियाद खौदना								
2	आर0सी0सी0 पिलर के बेस पर चुना व कोयला डालना								
3	1:2:4 सीमेन्ट मसाले में आर0सी0सी0 पिलर निर्माण								
4	आर0सी0सी0 कार्य हेतु सरिया कय करना								
5	पिलर में 1:4 मसाले प्लास्टर कार्य								
7	पिलर पर पिलर संख्या आदि लिखना								
8	पानी की ढुलाई आदि								
	कुल योग								

प्रारुप–53

परियोजना का नामः–

(वन भूमि लीज पर दिये जाने/लीज नवीनीकरण के प्रकरणों में लागू)

लीज अवधि का प्रमाण–पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि उक्त परियोजना हेतु प्रस्तावित वन भूमि .....वर्षो की लीज पर ली जानी प्रस्तावित है।

ह0/–
प्रभागीय वनाधिकारी

ह0/–
प्रयोक्ता एजेन्सी

प्रारुप–54

परियोजना का नामः–

वन संरक्षण अधिनियम, 1980 का उल्लंघन न होने का प्रमाण–पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि प्रश्नगत परियोजना के निर्माण हेतु आवेदित वन भूमि पर वन संरक्षण अधिनियम, 1980 का उल्लंघन नहीं हुआ है।

ह0/
प्रभागीय वनाधिकारी

ह0/
प्रयोक्ता एजेन्सी

प्रारुप–55

परियोजना का नामः–

प्रस्तावित जल विद्युत परियोजना हेतु कैचमेन्ट एरिया ट्रीटमेन्ट प्लान

प्रमाणित किया जाता है कि प्रस्तावित जल विद्युत परियोजना के जलसमेट क्षेत्र के समेकित उपचार हेतु वन विभाग द्वारा तैयार की गई कैचमैन्ट एरिया ट्रीटमेन्ट प्लान (CAT PLAN) के क्रियान्वयन हेतु कैट प्लान में उल्लिखित धनराशि का भुगतान वन विभाग को उनकी माँग के अनुसार यथासमय किया जायेगा।

ह0/–
प्रयोक्ता एजेन्सी

ह0/–
प्रभागीय वनाधिकारी

प्रारुप–56

परियोजना का नामः–

भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की पर्यावरणीय स्वीकृती (यदि लागू हो) संलग्न की जाय।

प्रारुप–57

कालातीत लीजों के नवीनीकरण हेतु प्रपत्र

पट्टा जिन्हें पहले वन (सरक्षण) अधिनियम, 1980 के अन्तर्गत मंजूरी दी गई है के सम्बन्ध में राज्य सरकारों और राज्य प्राविधकारियों द्वारा प्रस्तावों की धारा–2 के अन्तर्गत पूर्व अनुमोदन लेने का फार्म।

भाग–1
(प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा भरा जाना है)

1. पत्र संख्या और तारीख जिसके अन्तर्गत केन्द्रीय सरकार ने वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के अन्तर्गत मंजूरी दी है। (प्रति संलग्न करें)
2. परियोजना के विवरण :–
   (1) प्रस्ताव और परियोजना/स्कीम का संक्षिप्त विवरण, जिसके लिये वन भूमि अपेक्षित है।
   (2) 1:50,000 के स्केल मैप पर वन के आस–पास की सीमा को दर्शाने वाला मानचित्र।
   (3) परियेाजना की लागत।
3. कुल अपेक्षित भूमि का उद्देश्यवार ब्यौरा (जो पहले से ही ले ली है या लिए जाने वाली है)।
4. अनुदेशों के अन्तर्गत आवश्यक रूप से संलग्न किये जाने वाले प्रमाण–पत्रों/दस्तावेजों का ब्यौरा।

हस्ताक्षर
(नाम बड़े अक्षरों में)
पदनाम
पता (प्रयोक्ता एजेन्सी का)

तारीखः

स्थानः–

भाग–।।

कालातीत लीजों के नवीनीकरण हेतु प्रपत्र

(सम्बन्धित उप वन संरक्षक द्वारा भरा जाना है)

प्रस्ताव की राज्य क्रम संख्या.....

5– परियोजना/स्कीम का स्थान :–

i) राज्य/संघ शासित क्षेत्रः
ii) जिलाः
iii) वन प्रभागः
iv) वनेत्तर प्रयोग के लिए प्रस्तावित वन भूमि का क्षेत्रफल (हैक्टेयर में)
v) वन की कानूनी स्थिति
vi) वानस्पति का घनत्व
vii) अखण्डित क्षेत्र में वृक्षों की संख्या प्रजातिवार (वैज्ञानिक नाम) और ब्यास श्रेणीवारः
viii) क्या यह राष्ट्रीय उद्यान, वन्य जीव अभ्यारण्य जैवमण्डल रिजर्व, बाघ रिजर्व, हाथी कारीडोर आदि का भाग है (यदि हां, क्षेत्र का ब्यौरा और प्रमुख वन्य जीव वार्डन की टिप्पणीयॉ अनुबन्धित की जाए)

6– क्या अधिनियम के उल्लघंन में कोई कार्य किया गया है (हॉ/नहीं) यदि हॉ, तो कार्य की अवधि, दोषी अधिकारियों पर की गयी कार्यवाही सहित कार्य का ब्यौरा दें। क्या उल्लघंन सम्बन्धी कार्य अभी भी चल रहे हैं।

7– पूर्व अनुमोदन के दौरान निर्धारित शर्तों के अनुपालन की स्थिति के सम्बन्ध में उप वन संरक्षक की स्थल निरीक्षण रिपोर्ट। (संलगन की जानी।)

8– प्रभाग/जिला प्रोफाइल

i. जिले का भौगोलिक क्षेत्रफल।
ii. जिले का वन क्षेत्र।
iii. मामलों की संख्या सहित 1980 से वनेत्तर प्रयोग में लाया गया कुल क्षेत्र।
iv. 1980 से जिला/प्रभाग में निर्धारित कुल वनीकरण — प्रतिकूल
(क) दण्ड के रूप में प्रतिपूरक वनीकरण सहित वन भूमि
(ख) वनेत्तर भूमि पर
v. ..... तक प्रतिपूरक वनीकरण में हुयी प्रगति
(क) वन भूमि पर
(ख) वनेत्तर भूमि पर

9– कारणों सहित प्रस्ताव की स्वीकृति या अन्यथा के लिए उप वन संरक्षक की विशेष सिफारिशें।

दिनांक ..... **हस्ताक्षर**

नाम

स्थान..... **सरकारी मोहर**

परिशिष्ट

1. राज्य सरकार द्वारा निर्गत आदेश।

क्र.सं.	आदेश विवरण	दिनांक
1.1	व्यवसायिक अथवा वाणिज्य उपयोग हेतु अस्थाई लीजों की स्वीकृति।	02–07–1979
1.2	प्रीमियर (मूल्य) एवं लीज रेन्ट के सम्बन्ध में।	17–07–1999
1.3	सीमा सड़क संगठन को निःशुल्क वनभूमि दिया जाना।	15–02–2002
1.4	गाम्य विकास विभाग को निःशुल्क भूमि दिया जाना।	13–11–2002
1.5	पेयजल विभाग हेतु निःशुल्क भूमि दिया जाना।	01–02–2003
1.6	एक विभाग से दूसरे विभागों को वनभूमि निःशुल्क दिया जाना।	27–08–2003
1.7	लीज नीति।	09–09–2005
1.8	पेयजल स्वच्छता समिति को वनभूमि निःशुल्क दिया जाना।	21–09–2007

2. भारत सरकार के आदेश।

क्र.सं.	आदेश विवरण	दिनांक
2.1	राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारण्यों में प्रस्तावित परियोजना के लिए आदेश।	04–05–2001
2.2	कच्चा मार्ग के सुधारीकरण हेतु आदेश।	29–04–2005
2.3	क्षतिपूरक वृक्षारोण हेतु चयनित सिविल एवं सोयम भूमि को वन विभाग के पक्ष में नामान्तरण/हस्तान्तरण के सम्बन्ध में।	28–12–2007
2.4	एन0पी0वी0 के सम्बन्ध में आदेश।	05–02–2009
2.5	राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारण्य से हवाई दूरी के सम्बन्ध में।	19–08–2010
2.6	डिजिटल मानचित्र के सम्बन्ध में आदेश।	08–07–2011
2.7	पारेषण लाईन के राईट ऑफ वे (Row) के सम्बन्ध में।	24–01–2012
2.8	सिविल एवं सोयम भूमि के सम्बन्ध में भारत सरकार का आदेश।	09–03–2012
2.9	Linear प्रोजेक्ट के सम्बन्ध मे।	07–01–2013
2.10	क्षतिपूरक वृक्षारोपण की 10 वर्षीय योजना सम्बन्ध में।	14–02–2013
2.11	बार्डर रोड के सुदृढ़ीकरण के सम्बन्ध में।	09–12–2013
2.12	वन अधिकार अधिनियम, 2006 के सम्बन्ध में	05–07–2013
2.13	वन अधिकार अधिनियम, 2006 के सम्बन्ध में	20–12–2013
2.14	1.00 हे0 तक वनभूमि प्रत्यावर्तन के सम्बन्ध में	13–02–2014
2.15	5.00 हे0 तक आपदा ग्रस्त सड़कों/रोपवे आदि के सम्बन्ध में।	23–06–2014
2.16	सैद्धान्तिक स्वीकृति प्राप्त प्रकरणों के सम्बन्ध मे।	08–08–2014
2.17	गैर वन भूमि के सम्बन्ध में।	25–08–2014
2.18	खनन लीज के सम्बन्ध में।	27–08–2014
2.19	पेट्रोल पम्प आदि के सम्बन्ध मे आदेश	19–09–2014
2.20	वृक्षों के मूल्य के सम्बन्ध में।	07–10–2014
2.21	पुर्न प्रत्यातर्वन के सम्बन्ध में।	07–10–2014
2.22	वन अधिकार अधिनियम, 2006	28–10–2014
2.23	गैर वन भूमि के सम्बन्ध में।	07–11–2014
2.24	5.00 हे0 वन भूमि प्रत्यावर्तन के सम्बन्ध में।	07–11–2014
2.25	1.00 हे0 तक के प्रकरणों के वृक्षों के पातन के सम्बन्ध में।	07–11–2014

–1.1–

संख्या 6450(1) / 14–3–930 / 77

प्रेषक,

श्री ए0डी0 तिवारी,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1–मुख्य अरण्यपाल उत्तर प्रदेश लखनऊ।
2–समस्त अतिरिक्त मुख्य अरण्यपाल उत्तर प्रदेश।
3–समस्त अरण्यपाल उत्तर प्रदेश।

वन अनुभाग–3 लखनऊ दिनांक 2 जुलाई 1979.

विषय :– व्यवसायिक अथवा वाणिज्य उपयोग हु अस्थाई लीजों की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि शासन की जानकारी में यह बात आई है कि निजी व्यक्तियों निजी संस्थाओं ठेकेदारों आदि को व्यवसायिक तथा वाणिज्य उपयोग हेतु अरण्यपालों आदि के स्तर से जो भूमि अस्थाई लीज पर एक वर्ष दो वर्ष तीन वर्ष चार वर्ष या पाँच वर्ष की अवधि के लिये दी जाती है। उनमें लीज रेन्ट आदि की शर्तें भिन्न होती है और उनमें एक रूपता नहीं रहती है। यह उचित नहीं है शासन के पूर्व आदेशनुसार बाजार भाव पर भूमि के मूल्य के बराबर धनराशि प्रीमियम के रूप में ली जाती है और प्रीमियम की धनराशि का 10 प्रतिशत वार्षिक लीज शुल्क लिया जाता है। अस्थाई / कम अवधि की लीजेस में प्रीमियम की धनराशि एक मुश्त न लेकर बदले में (ब्याज के रूा में) प्रीमियम का 10 प्रतिशत निर्धारित रेट में बढ़ोत्तरी करके लेना अधिक अचित होगा। अतः समुचित विचारोपरान्त एक रूपता लाने के उद्देश्य से शासन ने यह निर्णय लिया है कि अस्थाई / कम अवधि की लीज पर वन भूमि को दिये जाने के प्रत्येक प्रकरण में वार्षिक लीज रेन्ट भूमि के बाजार भाव पर मूल्य का 20 (बीस) प्रतिशत लिया जाय। दस प्रतिशत सामान्य और दस प्रतिशत प्रीमियम के एवज में।

2– मुझे यह स्पस्ट करना है कि अस्थाई लीज के प्रकरणों में उक्त आदेश लागू नहीं होंगे। स्थाई लीज के प्रकरण में भूमि का बाजार भाव पर मूल्य के बराबर धनराशि प्रीमियम के रूप में तथा प्रीमियम का दश प्रतिशत वार्षिक लीज शुल्क के रूप में पूर्वतः लिया जाया करेगा।

3– मुझे यह भी कहना है कि उत्तर प्रदेश वन निगम की लीज पर भूमि के सम्बन्ध में। आदेश प्रथक रूप से जारी किये जायेंगे।

4– अनुरोध है कि आप कृपया उक्त निर्णयानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें और जहॉ तक सम्भव हो अस्थाई लीज पर पहले से दी गई भूमि के मामलों में भी पुरराश्रित दर पर वार्षिक लीज शुल्क लिये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

भवदीय,

ह0 / ए0डी0 तिवारी
उप सचिव

संख्या 6450(1) / 14–3–930 / 77
प्रतिलिपि निम्नलिखीत को सूचनार्थ प्रेषित :–

1. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग–3 को वित्त सचिव एवं सव सचिव की दिनांक 13–6–79 को हुई वार्ता के सम्बन्ध में
2. वन अनुभाग–2।

आज्ञा से,

ह0 / ए0डी0 तिवारी
उप सचिव

–1.2–

उत्तर प्रदेश शासन
वन विभाग–2
संख्या0–66 / 14–2–600(3) / 1999
लचखऊः दिनांक : 17 जुलाई, 1999

कार्यालय ज्ञाप

वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 की धारा–2 के अनुसार वन भूमि पर किसी भी प्रकार का गैर वानिकी कार्य भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की पूर्वानुमति के बिना नहीं किया जा सकता है। इन मामलों में भारत सरकार से उक्त अधिनियम के तहत वन भूमि के गैर वानिकी उपयोग करने की स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त वन भूमि हस्तान्तरण के आदेश जारी किये जाने के सम्बन्ध में निम्न प्रकार की प्रक्रिया अपनायी हाती है :–

1. चूँकि वन विभाग स्वयं एक सेवा विभाग है। अतः सिकी दूसरे सेवा विभागों को वन भूमि का हस्तान्तरण वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या : ए–2 / 75 / दस–77 / 14(4) / 74 दिनांक 3–2–1977 द्वारा प्रतिनिधानित अधिकारों के अनुसार वन भूमि

निःशुल्क हस्तान्तरित किये जाने के आदेश माध्यम मंत्री जी के अनुमोदन के उपरान्त जारी किये जाते हैं। ऐसे मामलों में वित्त विभाग की सहमति की आवश्यकता नही होती है।

2. प्रदेश सरकार के विभिन्न गैर सेवा विभागों (वाणिज्यि विभाग) एवं भारत सरकार के विभागों को वन भूमि का हस्तान्तरण वर्तमान बाजार दर पर मूल्य प्राप्त करके किया जाता है और आदेश वित्त विभाग की सहमति से जारी किये जाते हैं।

3. प्रदेश सरकार के विभिन्न उपक्रमों (यथा उ0प्र0ज0 निगम उ0प0रा0पि0प0 आदि) तथा भारत सरकार के विभिन्न उपक्रमों (यथा एन0टी0पी0सी0, एन0एच0पी0पी0 एवं पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इण्डिया आदि) एवं विभिन्न गैर सरकारी संस्थानों को वनभूमि का हस्तान्तरण वन विभाग द्वारा जारी शासनादेश दिनांक 2–7–1979 के अनुसार वर्तमान बाजार दर पर मूल्य (प्रीमियम) व उसके 10 प्रतिशत धनराशि के बराबर वार्षिक लीज रेन्ट के भुगतान के आधार पर किया जाता है तथ आदेश वित्त विभाग की सहमति से जारी किये जाते हैं।

2– उपरोक्ता उप प्रस्तर (2) प (3) में उल्लिखित मामलों में वन भूमि हस्तान्तरण के आदेश वित्त विभाग की सहमति से जारी किये जाते हैं और इनमें से उन मामलों में जिनमें वन भूमि का मूल्य रू0 एक लाख से अधि होता है, पर उ0प्र0 कार्य नियमावली–1975 में दिये गये प्राविधानों के अनुसार मा0 म0 परिषद का अनुमोदन प्रापत किया जाता है। वन भूमि का मूल्य एक लाख रूपये कम होने की दशा में मा0 मुख्य मंत्री जी वन मंत्री जी अनुमोदन प्राप्त करके आदेश जारी किये जाते हैं।

3– वर्तमान में बढ़ती हुई महंगाई के दृष्टिगत वन भूमि का मूल्य भी अधिक हो गया है, जिसके फलस्वरूप छोटी–छोटी परियोजनाओं हेतु हस्तान्तरित की जाने वाली वन भूमि का मूल्य सामान्यतया एक लाख रूपये से अधिक हो जाता है। विभिन्न विकास परियोजना के क्रियान्वयन/निर्माण कार्य हेतु वन भूमि का हस्तान्तरण किया जाना एक ––– (रूटीन) कार्य है और ऐसे प्रकरण काफी अधिक संख्या में भी होते हैं। साथ ही उन्हीं परियोजनाओं के लिए वन भूमि का हस्तान्तरण किया जाता है, जिनके सम्बन्ध में वन भूमि हस्तान्तरण की स्वीकृति भारत सरकार द्वारा प्रदान की जाती है।

4– उपरोक्त वर्णित स्थिति में शासन स्तर पर सम्यक विचारोपरान्त मा0 मंत्रि परिषद के अनुमोदन से यह निर्णय लिया गया है कि वन भूमि हस्तान्तरणके ऐसे सभी मामले जिनमें वन भूमि का मूल्य रूपये एक लाख या उससे अधिक होता है, पर वित्त विभाग की सहमति प्राप्त करके मा0 मंत्रि परिषद के अनुमोदन के स्थान पर मा0 मुख्यमंत्री जी का अनुमोदन प्राप्त करके वन भूमि हस्तान्तरण के आदेश निर्गत कर दिये जायें।

5– उक्त से सम्बन्धित मा0 मत्रि परिषद को प्रस्तुत की गयी टिप्पणी एवं उस पर पारित निर्णय की एक–एक प्रति सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न है।
संलग्नकः–यथोपरि।

(बी0डी0 काण्डपाल)
विशेष सचिव

संख्या 666(1)/14–2–99 उक्तदिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. सचिव, वित्त (व्यय–नियंत्रण) उ0प्र0 शासन।
3. वित्त (व्यय–नियंत्रण) अनुभाग–9, उ0प्र0 सचिवालय।
4. गोपन अनुभाग–1 को उनके पंत्रांक : 4/2/23/99–सी0एक्स0(1), दिनांक 1–7–1999 के सन्दर्भ में।
5. गार्ड फाईल में रखते हेतु।

आज्ञा से,

(बी0डी0 काण्डपाल)
विशेष सचिव

उत्तरांचल शासन
वित्त अनुभाग—3
संख्या 260 / वि.अनु. 3 / 2002
देहरादूनः दिनांकः 15 फरवरी, 2002

कार्यालय ज्ञाप

अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्य के एक सेवा विभाग (मतअपब Depft) द्वारा दूसरे सेवा विभाग को कोई सेवा व सम्पूर्ति वर्तमान नियमों के अनुसार बिना मूल्य लिए की जाती है इस सिद्धान्त के अनुसार एक सेवा विभाग द्वारा कोई भूमि या भवन जिसकी उस विभाग को आवश्यकता न हो दूसरे सेवा विभाग को बिना मूल्य लिए हस्तान्तरित की जा सकती है, परन्तु ऐसे मामलों में दूसरे विभाग की सहमति आवश्यक होती है। वित्तीय अधिकारों के विकेन्द्रीकरण के सिलसिले में वित्त विभाग को यह सुझाव दिया गया है कि भूमि हस्तान्तरण के मामलों में प्रशासनिक विभाग को पूर्ण अधिकार प्रतिनिहित कर दिये जायें। प्रस्ताव पर समुचित विचार करने के उपरान्त राज्यपाल महोदय प्रशासनिक विभागों के सचिवों को राज्य के एक सेवा विभाग द्वारा दूसरे सेवा विभाग को निम्नलिखित शर्तों के अन्तर्गत भूमि हस्तान्तरण करने के अधिकार प्रतिनिहित करते हैं।

1. भूमि का हस्तान्तरण बिना मूल्य लिये किया जायेगा। वन मामलों में भूमिवार मूल्य की सीमा पर कोई प्रतिबन्ध नहीं होगा।
2. जिस परियोजना के लिए भूमि हस्तान्तरण किया जा रहा हों वह एक अनुमोदित परियोजना हों और उसके लिए आवश्यक प्राविधान किया जा चुका हो तथा केवल उतनी ही भूमि का हस्तान्तरण किया जाये, जिसना काम विशेष के लिए आवश्यक हो।
3. भूमि पर कोई धार्मिक अथवा ऐतिहासिक महत्व की इमारत नहीं।
4. यदि भूमि वन विभाग की ''रंक्षित वन भूमि'' हो तो वह हस्तान्तरण के बाद भी ''रक्षित वन भूमि'' बनी रहेगी। ''रक्षित वन भूमि'' के हस्तान्तरण ग्रामवासियों की कोई आपत्ति न हो और हस्तान्तरित भूमि के उपयोग करने के साथ में लगी हुई वन सम्पदा को कोई हानि नहीं कराई जायेगी।
5. वन विभाग दूसरे सेवा विभाग से हस्तान्तरित ''भूमि की कोई मूल्य नहीं'' लेगा लेकिन यदि उस भूमि पर पेड़ इत्यादि अन्य वन सम्पदा हो तो प्राप्तकर्ता विभाग द्वारा वन विभाग को उक्त वन सम्पदा का मूल्य भुगतान करना पड़ेगा।
6. हस्तान्तरित भूमि यदि प्रस्तावित कार्य से भिन्न प्रयोजन के लिए उपयोग की जाय तो उसके लिए मूल विभाग से पुनः अनुमोदन प्राप्त करना होगा, और यदि भूमि की आवश्यकता न हो तो या तीन वर्षों तक हस्तान्तरित भूमि प्रस्तावित कार्य के लिए उपयोग में नहीं लाई जाती है तो उसे मूल विभाग को वापस करना होगा।
7. सीमा सड़क संगठन की अन्य सेवा विभागों की भांति वन भूमि सड़क निर्माण हेतु वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के अन्तर्गत भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय से स्वीकृति प्राप्त होने के उपरानत निःशुल्क हस्तान्तरित की जायेगी।
8. उत्तरांचल राज्य में स्थित अन्य सरकारी भूमि सड़क निर्माण हेतु सीमा सड़क संगठन की निःशुल्क हस्तान्तरण से पूर्व यह सुनिश्चित किया जायेगा कि भूमि पर जिस राजकीय विभाग का स्वामित्व है, उसकी सहमति / अनापत्ति लिखित रूप में प्राप्त कर ली गई है।

2. वित्तीय नियम संग्रह बाण्ड—1 में आवश्यक संशोधित यथा समय अलग से किए जायेंगे।

(के0सी मित्र)
अपर सचिव

संख्या 260 / वित्त अनुभाग—3 / 2002 तद्दिनांक
प्रतिनिधिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. समस्त सचिव / अपर सचिव, उत्तरांचल शासन।
2. महालेखाकार, उत्तरांचल ।

आज्ञा से,

(रमेश चन्द्र शर्मा)
अनु सचिव, वित्त।

उत्तरांचल शासन
वित्त अनुभाग–3

संख्या–614/ /2002
देहरादून:दिनाकः 13, नवम्बर, 2002

कार्यालय ज्ञाप

राज्य के एक विभाग से दूसरे विभाग को बिना मूल्य भूमि हस्तान्तरण किये जाने के प्रकरण में उत्तरांचल शासन के कार्यालय ज्ञाप सं0 260/वि.अनु. 3/2002 दिनांक 25.02.2002 के क्रम में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के क्रियान्वयन हेतु ग्राम्य विकास विभाग को सेवा विभाग मान्य किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।
2–कार्यालय ज्ञाप सं0 260/वि.अनु. 3/2002 दिनांक 15.02.2002 में निहित अन्य शर्ते यथावत रहेंगी।

(के.सी.मिश्र)
अपर सचिव, वित्त

संख्या– 614/वि.अनु0 3/2003 तद्दिनांक/ /2002

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–
1. प्रमुख सचिव, वन एवं ग्राम्य विकास, उत्तरांचल शासन, देहरादून।
2. प्रमुख सचिव, मा. मुख्यमंत्री जी, उत्तरांचल शासन, देहरादून।
3. समस्त सचिव/अपर सचिव, उत्तरांचल शासन, देहरादून।
4. निजि सचिव, मा. वन मंत्री जी, उत्तरांचल शासन, देहरादून।
5. निजि सचिव, मा, ग्राम्य विकास मंत्री जी, उत्तरांचल शासन, देहरादून।
6. महालेखाकार, उत्तरांचल शासन, देहरादून।
7. नोडल अधिकारी, वन भूमि सर्वेक्षण निदेशालय वन विभाग, देहरादून।
8. नोडल अधिकारी, पी.एम.जी.एस.वाई. उत्तरांचल शासन, देहरादून।

के.सी..मिश्र

अपर सचिव, वित्त

उत्तरांचल शासन

वन एवं पर्यावरण विभाग
संख्या–2600/वि.अनु–3/2003
देहरादून:दिनाकः 01, फरवरी, 2003

कार्यालय ज्ञाप

अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्य के एक सेवा विभाग (SERVICE DEPARTMENT) द्वारा दूसरे सेवा विभाग को कोई सेवा व सम्पूर्ति वर्तमान नियमों के अनुसार बिना मूल्य लिए की जाती है इस सिद्धान्त के अनुसार एक सेवा विभाग द्वारा कोई भूमि या भवन जिसकी उस विभाग को आवश्यकता न हो, दूसरे विभाग को बिना मूल्य लिए हस्तान्तरित की सकती है। परन्तु ऐसे मामलों में वित्त विभाग की सहमति आवश्यक होती है। वित्तीय अधिकारों के विकेन्द्रीकरण के सिलसिले में प्रशासकीय विभाग को पूर्ण अधिकार प्रतिनिहित कर दिये जाये।

प्रदेश में पेयजल एवं जलोत्सारण सम्बन्धी जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उपयोग हेतु वन विभाग की एवं राज्य के अन्य सेवा विभागों की भूमि का निःशुल्क हस्तानान्तरण किये जाने हेतु उत्तरांचल पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम तथा उत्तरांचल जल संस्थान को केवल उक्त प्रयोजन हेतु सेवा विभाग घोषित करने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

उपर्युक्त के सम्बन्ध में जारी कार्यालय ज्ञाप संख्या–260/वि.अनु2/2002 दिनांक 15 फरवरी, 2002 में दी गयी अन्य शर्ते पूर्ववत लागू रहेगी तथा यह आदेश केवल इस सीमा तक संशोधित समझा जायेगा।

वित्तीय नियम संग्रह खण्ड–1 में संशोधन यथा समय अलग से किये जायेंगे।

(के.सी.मिश्र)
अपर सचिव, वित्त

संख्या– /वि.अनु0 3/2003 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–
1. समस्त सचिव/अपर सचिव, उत्तरांचल शासन।
2. महालेखाकार, उत्तरांचल देहरादून।

आज्ञा से,

(रमेश चन्द्र शर्मा)
अनु सचिव, वित्त

–1.6–

उत्तरांचल शासन
वन एवं पर्यावरण विभाग
संख्या–314/7–1–2003–26(37)/2003
देहरादूनःदिनाकः अगस्त 27, 2003

कार्यालय ज्ञाप

वन संरक्षण अधिनियम, 1980 में निहित प्राविधानों व भारत सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार वन भूमि के गैर वानिकी उपयोग हेतु भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की पूर्वानुमति लिया जाना अनिवार्य है। उक्त अधिनियम के अन्तर्गत वन भूमि के गैर वानिकी उपयोग करने की स्वीकृति भारत सरकार से प्राप्त होने के उपरान्त वन भूमि हस्तान्तरण के औपचारिक आदेश शासन द्वारा निर्गत किये जाते है।

2– वित विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या–260/वि0अनु0–3/2002 दिनांक 15 फरवरी, 2002 द्वारा प्रतिनिधानित अधिकारों के अनुसार प्रदेश सरकार के एक सेवा विभाग द्वारा दूसरे सेवा विभागों को वन भूमि का हस्तान्तरण कतिपय शर्तो के अधीन निःशुल्क किया जाता है। अब शासन ने सम्यक विचारोपरान्त यह निर्णय लिया है कि प्रदेश सरकार के गैर सेवा विभागों को भी वन भूमि का हस्तान्तरण उपरिल्लिखित कार्यालय ज्ञाप दिनांक 15 फरवरी, 2002 के शर्तो के अधीन ही निःशुल्क किया जायेगा। वाणिज्यिक संस्थानों व भारत सरकार के समस्त विभागों/उपक्रमों/संस्थाओं को पूर्व की भॉती वन भूमि का हस्तान्तरण जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित वर्तमान बाजार दर पर मूल्य प्राप्त करके किया जायेगा।

(डा0आर0एस0टोलिया)
प्रमुख सचिव एवं आयुक्त

संख्या–314 (1)/7–1–2003–26(37)/2003 तद्दिनांक।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तरांचल शासन।
2. प्रमुख वन संरक्षक, उत्तरांचल, नैनीताल।
3. समस्त जिलाधिकारी, उत्तरांचल।
4. नोडल अधिकारी एवं वन संरक्षक, भूमि सर्वेक्षण निदेशालय, देहरादून।
5. समस्त प्रभागीय वनाधिकारी, उत्तरांचल, देहरादून।
6. वित्त अनुभाग–2/3, उत्तरांचल शासन।

आज्ञा से,

(राजेन्द्र कुमार)
अपर सचिव

संख्याः– 156/7.1.2005.500(826)/2002

प्रेषक,

डा0 रणबीर सिंह,
सचिव,
उत्तरांचल शासन।

सेवा में,

1. समस्त प्रमुख सचिव एवं सचिव, उत्तरांचल शासन।
2. समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तरांचल।
3. समस्त जिलाधिकारी, त्तरांचल।

वन एवं पर्यावरण विभाग देहरादूनः दिनांक सितम्बर 09, 2005

विषयः– वन भूमि पर दी गई लीजों के नवीनीकरण तथा नई लीजों की स्वीकृति हेतु नीति एवं वन भूमि का मूल्य (प्रीमियम)/वार्षिक लीज रेन्ट का निर्धारण।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वन संरक्षण अधिनियम, 1980 लागू होने से पूर्व वन विभाग द्वारा विभिन्न प्रयोजनों हेतु आरक्षित वन भूमि पर स्थाई/दीर्घकालीन एवं अस्थाई/अल्पकालीन लोजें स्वीकृत की गई थीं। दीर्घकालीन लीजें राज्य सरकार द्वारा स्वीकृति की जाती थी व अल्पकालीन लीजें सीानीय स्तर पर परिस्थितियों एवं उद्देश्यों को दृष्टिगत रखते हुये सम्बन्धित वन संरक्षकों द्वारा स्वीकृति की जाती थीं। वन संरक्षण अधिनियम, 1980 लागू होने के उपरान्त कालातीत लीजों के नवीनीकरण एवं नई लीजों की स्वीकृति हेतु भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की पूर्वानुमति प्राप्त की जानी आवश्यक है।

2. वर्ष 1979 से पूर्व अविभाजित उत्तर प्रदेश में वन भूमि पर स्वीकृत लीजों के लिए प्रत्येक वृत्त में अलग–अलग दरों से वार्षिक लीज रेन्ट लिया जाता था व इस दरों में एकरूपता नहीं थी। लीज रेन्ट की दरों में एकरूपता लाने के उद्देश्य से शासनादेश संख्या–6450/14–3–930/77 दिनांक 2 जुलाई, 1979 जारी किया गया, जिसमें उल्लिखित व्यवस्था के अनुसार वन भूमि पर स्वीकृति की जाने वाली लीजों के समस्त मामलों में जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित वर्तमान बाजार दर से वन भूमि का मूल्य (प्रीमियम) एवं प्रीमियम के बराबर धनराशि का 10 प्रतिशत वार्षिक लीज रेन्ट लिये जाने का प्राविधान है। उक्त शासनादेश में प्राविधानित व्यवस्था के अनुसाार आरम्भ में लीजधारक को वन भूमि का मूल्य व प्रत्येक 10 वर्ष में पुनः लीज रेन्ट के रूप में वन भूमि के मूल्य का भुगतान करना होता है।

3. पूर्व में चली आ रही व्यवस्था में विकास को गति देने तथा छोटे लीजधारकों को राहत पहुॅचाने के उद्देश्य से शासन द्वारा गम्भीरतापूर्वक विचार करने के उपरान्त नई व्यवस्था लागू किये जाने का निर्णय लिया गया है। भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय से वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के अन्तर्गत स्वीकृति प्राप्त होने के उपरानत वन भूमि पर दी गई लीजों के नवीनीकरण तथा नई लीजों की स्वीकृति हेतु निम्नलिखित व्यवस्था होगी :–

3.1 लीजों का नवीनीकरण :

3.1.1 पेयजल, सिंचाई, गूल, घराट, पंचायत घर, रास्ता एवं स्कूल जैसे सामुदायिक एवं जनोपयोगी प्रयोजनों हेतु दी गई लीजों का नवीनीकरण प्रत्येक प्रकरण में रूपये 5.00 वार्षिक लीज रेन्ट की दार से किया जायेगा।

3.1.2 कृषि एवं बागवानी प्रयोजनों हेतु दी गई लीजों का नवीनीकरण निम्नानुसार किया जायेगाः

i. एक हेक्टेअर तकि लैण्ड होल्डिंग के लिए रू0 15.00 प्रति नाली की दर से वार्षित लीज रेन्ट लिया जायेगा।

ii. लीजधारक जिनके पास एक हेक्टेअर से अधिक वन भूमि लीज पर है, उनसे जिलाधिकारी द्वारा सूचित वर्तमान बाजार दा का लीज अवधि/99 रूपये प्रोरेटा मूल्य (प्रीमियम) के रूप में एवं प्रीमियम धनराशि का एक प्रतिशत वार्षिक लीज रेन्ट लिया जायेगा अर्थात

$$\text{वन भूमि का मूल्य(प्रीमियर)} = \text{जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित मूल्य} \times \frac{\text{लीज अवधि}}{99}$$

3.1.3 घर, छप्पर, झोपड़ी, गोशाला प्रयोजनों हेतु दी गई दी गई लाजों का नवीनीकरण निम्नानुसार किया जायेगा :

i. लीजधारक जिनके पास एक नाली (दो सौ वर्ग मीटर) तक वन भूमि लीज पर है, उनसे वन भूमि का मूल्य न लेकर केवल रू0 20.00 प्रति नाली की दर से वार्षिक लीज रेन्ट लिया जायेगा।

ii. लीजधारक जिनके पास एक नाली से अधिक वन भूमि लीज पर है, उनसे जिलाधिकारी ,द्वारा सूचित वर्तमान बाजार दर का लीज अवधि/99 रूपये प्रोरेटा मूल्य (प्रीमियम) के रूप में एवं प्रीमियम धनराशि का एक प्रतिशत वार्षिक लीज रेन्ट लिया जायेगा।

3.1.4 व्यवसायिक प्रयोजन हेतु दी गई लीजों के नवीनीकरण हेतु जिलाधिकारी द्वारा सूचित वर्तमान बाजार दर का लीज अवधि/99 रूपये प्रोरेटा मूल्य (प्रीमियम) के रूप में एवं प्रीमियम धनराशि का पॉच प्रतिशत वार्षिक लीज रेन्ट लिया जायेगा।

3.1.5 मन्दिर, आश्रम, धर्मशाला एवं कुटिया आदि प्रयोजनों के लिए दी गई लीजों का नवीनीकरण वन एवं पर्यावरण विभाग द्वारा गठित उच्चस्तरीय समिति द्वारा निम्नानुसार तीन श्रेणियों में वर्गीकृत करने किया जायेगा :

i. किसी भी धर्मग्रन्थ में वर्णित स्थल या पुरातात्विक प्रमाणों से प्रमाणित स्थल या ऐतिहासिक साक्ष्यों में प्रमाणित स्थल, जिन्हें पूजा स्थल या उस पन्थ के श्रद्धा/विशेष स्थल के रूप में चिन्हित किया जा सके, को संरक्षित एवं विकसित करने का कार्य राज्य सरकार द्वारा किया जायेगा तथा ऐसे मामलों में वन भूमि पर दी गई लीज़ों का नवीनीकरण निःशुल्क किया जायेगा।

ii. जिन लीज़धारकों द्वारा लीज़ का व्यवसायिक उपयोग (पूर्ण एवं आंशिक) किया जा रहा है, उनसे जिलाधिकारी द्वारा सूचित वर्तमान बाजार दर का लीज अवधि/99 रूपये प्रोरेटा मूल्य (प्रीमियम) के रूप में एवं प्रीमियम धनराशि का एक प्रतिशत वार्षिक लीज रेन्ट लिया जायेगा।

(iii) उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य लोकोपयोगी मामलों में वन भूमि का मूल्य न लेकर केवल रू0. 20 प्रति नाली की दर से वार्षिक लीज रेन्ट लिया जायेगा।

3.1.6 भारत सरकार एवं राज्य सरकार के पर्यावरण, वन, कृषि, शिक्षा, उद्यान, मृदा एवंज ल संरक्षण, औषधीय, चिकित्सा एवं अनुसंधान से जुडे गैर वाणिज्यिक संस्थानों को वन भूमि पर दी गई लीजों का नवीनीकरण रूपया एक प्रति एकड़ वार्षिक लीज रेन्ट की दर से किया जायेगा।

3.2 नई लीजें:

3.2.1 भविष्य में सामुदायिक एवं जनोपयोगी प्रयोजनों के अतिरिक्त वन भूमि लीज पर नहीं दी जायेगी।

3.2.2 उत्तरांचल पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम तथा उत्तरांचल जल संस्थान की भॉति पंचायती राज संस्थाओं को वन भूमि पर प्रस्तावित पेयजल एवं स्वच्छता से सम्बन्धित योजनाओं के निर्माण हेतु वन भूमि निःशुल्क लीज पर दी जायेगी।

3.2.3 राज्य सरकार के उपक्रमों/संस्थाओं द्वारा वन भूमि पर प्रस्तावित सड़कों एवं पैदल मार्गो के निर्माण हेतु रू 5.00 प्रति प्रकरण की दर से वार्षिक लीज रेन्ट लिया जायेगा।

3.2.4 ग्राम पंचायतों एवं सहायता समूहों द्वारा सामुदायिक उपयोग हेतु वन भूमि पर प्रस्तावित एक मेगावाट तक क्षमता की सूक्ष्म जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण हेतु रू0 5.00 प्रति प्रकरण की दर से वार्षिक लीज रेन्ट लिया जायेगा।

3.2.5 उपरोक्त प्रस्तर– 3.2.2, 3.2.3 व 3.2.4 को छोडकर विभिन्न विकासकर्ताओं को वन भूमि पर प्रस्तावित निम्न लीजों के लिए जिलाधिकारी द्वारा सूचित वर्तमान बाजार दर का लीज अवधि/99 रूपये प्रोरेटा मूल्य (प्रीमियम) के रूप में एवं प्रीमियम धनराशि का एक प्रतिशत वार्षिक लीज रेन्ट लिया जायेगा:

i. जल विद्युत परियोजनाओं एवं विधुत पारेषण लाइन्स के निर्माण हेतु।

ii. जलाधारित उद्योगों यथा–मिनरल वाटर प्लान्ट आदि की स्थापना हेतु।

iii. वन भूमि पर पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु विभिन्न विकासकर्ताओं को वन भूमि लीज पर दी जायेगी, जिस हेतु राज्य सरकार के पर्यटन से सम्बन्धित उपक्रमों/संस्थाओं को बरीयता दी जायेगी।

iv. राज्य में वैकल्पिक ईधन एवं उर्जा से सम्बन्धित सुविधाओं/संयात्रों की स्थापना हेतु एक एकड़ तक वन भूमि।

3.2.6 उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य समस्त प्रयोजन, जिनके लिए उत्तरांचल शासन द्वारा वन भूमि को लीज दिया जाना उपयुक्त पाया जायेगा, उनमें शासनादेश संख्या–6450/14–3–930/77 दिनांक 2 जुलाई 1979 में उल्लिखित व्यवस्था के अनुसार जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित वर्तमान बाजार दर से वन भूमि का मूल्य (प्रीमियम) एवं प्रीमियम का 10 प्रतिशत वार्षिक लीज रेन्ट लिया जायेगा।

3.3 **उल्लंधन/अतिक्रमण के मामले:**

3.3.1 लीज़धारक जिनके द्वारा भू–उपयोग में परिवर्तन का वन भूमि का उपयोग लीज़ के मूल प्रयोजन से इतर कार्यो हेतु किया जा रहा है अथवा लीज़ की शर्तो का उल्लंघन किया गया है, ऐसे लीजधारकों से जिलाधिकारी द्वारा सूचित वर्तमान बाजार दर का लीज़ अवधि/99 रूपये प्रोरेटा मूल्य (प्रीमियम) एवं प्रीमियम धनराशि का एक प्रतिशत वार्षिक लीज रेन्ट लिए जाने के अतिरिक्त, प्रीमियम का पाँच गुना धनराशि दण्ड स्वरूप ली जायेगी।

3.3.2 जिन लीज़धारकों द्वारा वन भूमि पर अतिक्रमण किया गया है, ऐसे समस्त प्रकरणों में वन भूमि पर हुये अतिक्रमण को खाली कराये जाने के उपरान्त ही लीज़ नवीनीकरण का प्रस्ताव भारत सरकार को स्वीकृति प्रदान करने हेतु भेजा जायेगा।

3.2.3 लीज़ पर दी गयी ऐसी वन भूमि जिसके लीज़धारक द्वारा वन भूमि का स्वयं उपयोग न करके किसी अन्य व्यक्ति को विक्रय कर दिया गया है अथवा किन्हीं अनुबन्धों के अन्तर्गत सबलेट/हस्तान्तरित किया गया है, ऐसी लीज़ों को नवीनीकृत नहीं किया जायेगा तथा वन विभाग/राजस्व विभाग द्वारा वन भूमि को खाली करवाकर अपने कब्जे में लिया जायेगा।

3.4 विविध:

3.4.1 लीज़ नवीनीकरण के ऐसे प्रकरण, जिनमें शासनादेश संख्या–6450/14–3–930/77 दिनांक 2 जुलाई, 1979 में उल्लिखित व्यवस्था के अनुसार लीज़धारकों द्वारा वन भूमि का मूल्य एवं लीज़ रेन्ट की धनराशि जमा कराई जा चुकी है, ऐसे मामलों को पुनः निर्णीत/खोला (reopen) नहीं जोयगा।

4. शासनादेश संख्या–6450/14–3–930 दिनांक 2 जुलाई 1979 एवं शासनादेश संख्या–666/14–2–600(51)/1999 दिनांक 19 जुलाई, 1999 उक्त सीमा तक संशोधित समझे जायेगें।

भवदीय,

ह0/–
(डा0 रणबीर सिंह)
सचिव

संख्या:– 156/7–1–2005(826)/2002 दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. सचिव, भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, पर्यावरण भवन, सी0जी0ओ0 कॉम्पलैक्स, लोदी रोड़, नई दिल्ली।
2. मुख्य वन संरक्षक (केन्द्रीय), भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ।
3. समस्त अपर प्रमुख वन संरक्षक, एवं मुख्य वन संरक्षक, उत्तरांचल।
4. समस्त वन संरक्षक एवं प्रभागीय वनाधिकारी, उत्तरांचल।
5. महालेखाकार, उत्तरांचल, देहरादून।

संख्या–85/7(व.भू.ह.)–1–2007–700(1994)/2007

प्रेषक,

विभा पुरी दास,
प्रमुख सचिव एवं आयुक्त,
उत्तरांचल शासन।

सेवा में,

1. **समस्त मुख्य विकास अधिकारी,**
   उत्तराखण्ड।
2. **समस्त प्रभागीय वनाधिकारी,**
   उत्तराखण्ड।

वन एवं पर्यावरण अनुभाग **दिनांक, देहरादून 21 सितम्बर, 2007**

विषयः वन भूमि पर प्रस्तावित पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव के साथ प्रमाण–पत्र उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्य में गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा वन भूमि पर प्रस्तावित सामुदायिक प्रकृति एवं जनहित की पेयजल योजनाओं का निर्माण कर योजनाओं को सम्बन्धित पंचायती राज्य संस्थाओं के अधीन गठित ग्राम आधारित जल एवं स्वच्छता समितियां को संचालन हेतु स्थानान्तरित किया जा रहा है। शासनादेश संख्या 156/7–1–2005–500 (828)/2002 दिनांक 9 सितम्बर, 2005 के प्रस्तर 3.2.2 में यह व्यवस्था है कि पंचायती राज संस्थाओं को वन भूमि पर प्रस्तावित पेयजल एवं स्वच्छता से सम्बन्धित योजनाओं के निर्माण हेतु वन भूमि निःशुल्क लीज पर दी जायेगी।

2– गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा वन भूमि पर निर्मित पेयजल एवं स्वच्छता सम्बन्धी योजनायें, जिनका हस्तान्तरण पंचायती राज संस्थाओं के अधीन गठित ग्राम आधारित जल एवं स्वच्छता समितियों को किया जायेगा, ऐसी योजनाओं के लिए भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय से अनुमति प्राप्त होने के उपरान्त वन भूमि पंचायती राज संस्थाओं के अधीन गठित समितियों को निःशुल्क लीज पर दी जायेगी।

3– वन भूमि पर हस्तान्तरण के प्रस्ताव शासन को अग्रसारित करते समय सम्बन्धित मुख्य विकास अधिकारी एवं सम्बन्धित संस्था के प्रतिनिधि द्वारा प्रस्ताव के साथ संयुक्त रूप से इस आशय का प्रमाण–पत्र भी दिया जायेगा कि पेयजल योजना सामुदायिक प्रकृति एवं जनहित की है तथा कार्य पूर्ण होने के उपरान्त योजना सम्बन्धित पंचायती राज संस्था/ग्राम आधारित जल एवं स्वच्छता समिति को संचालन हेतु सौंप दी जायेगी।

भवदीय,

(विभा पुरी दास)
प्रमुख सचिव एवं आयुक्त

(iii) उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य लोकोपयोगी मामलों में वन भूमि का मूल्य न लेकर केवल रू0. 20 प्रति नाली की दर से वार्षिक लीज रेन्ट लिया जायेगा।

3.1.6 भारत सरकार एवं राज्य सरकार के पर्यावरण, वन, कृषि, शिक्षा, उद्यान, मृदा एवंज ल संरक्षण, औषधीय, चिकित्सा एवं अनुसंधान से जुडे गैर वाणिज्यिक संस्थानों को वन भूमि पर दी गई लीजों का नवीनीकरण रूपया एक प्रति एकड़ वार्षिक लीज रेन्ट की दर से किया जायेगा।

3.2 नई लीजें:

3.2.1 भविष्य में सामुदायिक एवं जनोपयोगी प्रयोजनों के अतिरिक्त वन भूमि लीज पर नहीं दी जायेगी।

3.2.2 उत्तरांचल पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम तथा उत्तरांचल जल संस्थान की भॉति पंचायती राज संस्थाओं को वन भूमि पर प्रस्तावित पेयजल एवं स्वच्छता से सम्बन्धित योजनाओं के निर्माण हेतु वन भूमि निःशुल्क लीज पर दी जायेगी।

3.2.3 राज्य सरकार के उपक्रमों/संस्थाओं द्वारा वन भूमि पर प्रस्तावित सड़कों एवं पैदल मार्गो के निर्माण हेतु रू 5.00 प्रति प्रकरण की दर से वार्षिक लीज रेन्ट लिया जायेगा।

3.2.4 ग्राम पंचायतों एवं सहायता समूहों द्वारा सामुदायिक उपयोग हेतु वन भूमि पर प्रस्तावित एक मेगावाट तक क्षमता की सूक्ष्म जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण हेतु रू0 5.00 प्रति प्रकरण की दर से वार्षिक लीज रेन्ट लिया जायेगा।

